ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 07 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-261 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



लंबे समय बाद फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर ... पेज 10 पर

## झारखंड में अब तक 38 प्रतिशत कम हुई मानसून की बारिश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी भी मानसून की बारिश में भारी कमी है। अब तक 38 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। राज्य में एक जून से लेकर चार जुलाई तक 147.2 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य बारिश 236.1 मिमी के मुकाबले 38 फीसदी कम है। मौसम विभाग के अनुसार नार्दर्न लिमिट ऑफ मानसून टर्फ फिलहाल गंगानगर, दिल्ली, अलीगढ़, हमीरपुर, प्रयागराज, डाल्टनगंज, बालासोर से दक्षिण दिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रहा है। इससे आगे झारखंड में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की जबकि कहीं- कहीं भारी वर्षा हुई। राज्य में मानसून गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा 95.0 एमएम बोकारो के नवाडीह में दर्ज की गयी। सबसे अधिक तापमान 36.4 डिग्री चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री रांची में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार चतरा, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह गुमला, हजारीबाग, कोडरमा लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रांची, पश्चिम सिंहभूम जिले के कुछ भागों में अगले 24 घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है।

### 1998 में बाबूलाल ने शिबू को दी थी मात, 2024 में हेमंत से है मुकाबला

## क्या दो दशक पुराना इतिहास दोहरा पाएंगे बाबूलाल

**उदय चौहान**

**रांची।** भाजपा हाईकमान ने बाबूलाल को प्रदेश की कमान सौंप दी है। यानी मिशन 2024 में पार्टी को जीत दिलाने का पूरा दारोमदार बाबूलाल मरांडी के कंधों पर आ गया है। बाबूलाल को यह जिम्मेदारी सौंपने से पहले शीर्ष नेतृत्व ने हर पहलू पर गौर किया। प्रदेश के अन्य बड़े चेहरे को लेकर भी चर्चा की, लेकिन अन्त में यही फैसला लिया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सामने किसी ऐसे आदिवासी चेहरे को उतारा जाय जो हेमंत सोरेन को टक्कर दे सके। जिसके ऊपर भ्रष्टाचार के दाग न लगे हों, जिसके पास अनुभव हो और जो आदिवासी समाज के साथ ही अन्य लोगों में भी खासा लोकप्रिय हो।

बहरहाल, राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इसकी पृष्ठभूमि काफी पहले ही तैयार हो गई थी। 2019 के विधानसभा की हार के बाद से ही सूबे में किसी बड़े आदिवासी चेहरे को लेकर भाजपा नेतृत्व खोजबीन में जुट गया था। ऐसी शख्सियत को ढूंढ रहा था जो आदिवासियों का चहेता तो हो ही ओबीसी और अन्य लोगों की नजर में भी स्वीकार्य हो, पिछले विधानसभा चुनाव प्रभारी ओम माथुर ने भरसक प्रयास किए कि बाबूलाल चुनाव से पहले ही भाजपा में शामिल हो जाएं लेकिन उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो पायी। आखिरकार चुनाव के बाद उन्होंने बाबूलाल को भाजपा में शामिल करवा लिया।



बताया जाता है कि बाबूलाल मरांडी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफी करीबी हैं और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने के कारण संघ के भी चहेते हैं। भले ही वह 14 सालों तक झारखंड विकास मोर्चा के बैनर तले काम करते रहे लेकिन उनका जुड़ाव पुराने भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं से बना रहा। 2006 के बाद हर विधानसभा चुनाव में ऐसी बात जरूर राजनीतिक हलकों में आती रही कि बाबूलाल फिर से भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

बाबूलाल का भाजपा छोड़ने के पीछे कारण चाहे जो भी रहा हो अभी पार्टी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### लोहरदगा में हथियार के साथ चार उग्रवादी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** सेन्हा थानाक्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के चार उग्रवादियों को पांच हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि ये उग्रवादी किसी बडी घटना को अंजाम देने की रणनीति बना रहे थे और पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

### हाई कोर्ट ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों पर जिला जजों से रिपोर्ट मांगी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और आनंद सेन की खंडपीठ में गुरुवार को राज्य के अलग-अलग जिलों में पुलिस हिरासत में हुई मौतों के मामलों में न्यायिक जांच नहीं होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने झारखंड के सभी जिला जजों से रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने सभी जिला जजों को पूछा है कि हिरासत में हुई मौत मामलों में न्यायिक जांच कराने के लिए उनके पास कितने आवेदन लंबित हैं। इस जनहित याचिका पर अब हाई कोर्ट 26 जुलाई को सुनवाई करेगा। इस संबंध में धनबाद के मुमताज अंसारी ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से अधिवक्ता शदाब अंसारी पैरवी कर रहे हैं।

### जमीन के नाम पर 75 लाख की ठगी करने वाला बिल्डर गिरफ्तार

**रांची।** जमीन के नाम पर 75 लाख की ठगी करने वाला बिल्डर निजामुद्दीन अंसारी को चुटिया थाना पुलिस ने पांच साल बाद उसके घर से गिरफ्तार किया है। वह बरियातू बस्ती के पहाड़ी के समीप का निवासी है। उस पर वर्ष 2018 में चुटिया थाना में होटल शिवालिक के मालिक अनुप चावला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कांटाटोली में एक भूखंड के लिए चावला से निजामुद्दीन अंसारी ने 25 लाख रुपये एडवांस ले लिया था। उसके बाद थोड़े-थोड़ समय पर 50 लाख रुपये और लिये थे।

### मुख्यमंत्री ने की झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल : सीएम

### ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दें

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर है। इस लिहाज से मनरेगा से जुड़ी योजनाएं झारखंड के लिए काफी मायने रखती है। इन योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसकी मजबूत निगरानी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक हर तीन माह में आयोजित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि तमाम योजनाओं की नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लाभुकों की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इससे योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी और लाभुकों को बिचौलियों से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत राज्य सरकार द्वारा भी कई योजनाएं चलाई जा रही है। ऐसे में श्रमिकों के कार्य की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप इन योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दें और उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने की दिशा में पहल करें। इससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और गांव का भी तेजी विकास होगा।



### चुआं व छोटे-छोटे झरने का जियो मैपिंग कराएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य विशेषकर पहाड़ी इलाकों में अनेको चुआं और छोटे-छोटे झरने हैं। इन सभी का जियो मैपिंग कराने की परियोजना बनाएं ताकि इसकी पानी की क्षमता को बढ़ाकर समुचित इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने संवर्धन योजना के तहत बनने वाले कुओं का भी जियो मैपिंग कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने डीआरडीए का पंचायती राज विभाग में विलय के आलोक में मनरेगा के अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी जिलों के उपायुक्तों को देने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी।

**मनरेगा श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा के प्रावधानों का प्रचार-प्रसार करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरी करने वालों के लिए भी सामाजिक सुरक्षा के तहत सहायता अनुदान का प्रावधान है। ऐसे में इसकी जानकारी ग्रामीणों को हो, इसलिए सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का बड़े स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें।

**सामाजिक अंकेक्षण को क्रियाशील करने का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत पंचायतों में चल रही योजनाओं का सोशल ऑडिट रेगुलर होना चाहिए। इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लगेगा। दोषियों पर भी कार्रवाई हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जो खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं, उसके चारों और पौधरोपण कराएं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को वन पट्टा मिल सके, इसके लिए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा फलदार पेड़ लगाने की मुहिम को तेज करने को भी कहा। इसके तहत गांव में खाली जमीनों पर फलदार पेड़ लगाएं ताकि लाभुकों के आय में इजाफा के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिले।

**मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों से की बात :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विभिन्न जिलों से आए मुखिया, जिला परिषद सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन-संचालन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में अधिकारियों को यथोचित कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के उपाध्यक्ष एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और सदस्य के तौर पर कृषि मंत्री बादल, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव अजय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मनरेगा से जुड़े अहम तथ्य

- चालू वित्तीय वर्ष (2023 - 24) में 900 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य है। जून माह के अंत तक 360.32 मानव दिवस सृजित हो चुका है।
- वित्तीय वर्ष 2023- 24 में जून माह तक सक्रिय जॉब कार्डों की संख्या 34.28 लाख और सक्रिय मजदूरों की संख्या 42.93 लाख है।
- मनरेगा में ससमय मजदूरी भुगतान की उपलब्धि लगभग शत प्रतिशत है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक सृजित परिसंपत्तियों (पूर्ण योजनाएं) 275565 है।
- नीलाम्बर- पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 403817 योजनाएं ली गयी हैं, जिनमें 333123 पूर्ण कर ली गई हैं।
- बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 105419 एकड़ में फलदार वृक्ष लगाएं जा रहे हैं।
- वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत ली गयी 4776 योजनाओं में 3537 पूर्ण हो चुकी है।
- दीदी बाड़ी योजना के तहत ली गयी 298690 योजनाओं में 162372 पूर्ण हो चुकी है।
- दीदी बगिया योजना के तहत 394 योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है।
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत 23958 कूपों का निर्माण कार्य जारी है।
- वर्तमान में 16 जिलों में लोकपाल कार्य कर रहे हैं और 5 जिलों में लोकपाल की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है।
- मनरेगा की सोशल ऑडिट में वित्तीय अनियमितता, वित्तीय विचलन, प्रक्रिया उल्लंघन और शिकायत के 1234956 मामले सामने आएं हैं, जिसमे 87092 मामलों में एटीआर अपलोड हो चुका है और 63819 मामले निष्पादित हो चुके हैं।
- मनरेगा श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का भी प्रावधान है। इसके अंतर्गत दुर्घटना में मौत अथवा विकलांग होने पर दो लाख रुपये और सामान्य मौत पर एक लाख तथा मनरेगा के अंतर्गत निर्मित डोभा में डूबकर मौत पर एक लाख रुपये उसके आश्रित को अनुदान के रूप में दिया जाता है।
- एरिया ऑफिसर एप्प के माध्यम से मनरेगा की योजनाएं के निरीक्षण में झारखंड देश में पहले स्थान पर है।

## पुलिस ने किया चार लुटेरों को गिरफ्तार



### 30 जून को स्कूटी सवार से हुई थी 1.40 लाख की लूट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथ आश्रम के पास पिछले पांच दिन पूर्व हुई एक लूट की घटना का उदभेदन करते हुए पुलिस ने इसमें शामिल चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये लुटेरों में छतरपुर थाना के डाली गांव का दीपक कुमार, रेडमा अम्बेडकर नगर का राहुल कुमार, शहर थाना के निमियां का विशाल कुमार एवं सदर थाना क्षेत्र के भुसही गांव का निवासी उदय कुमार चौधरी शामिल है। सभी लुटेरे 19से 25आयु वर्ग के अपराधी हैं। इनके पास से पुलिस ने लूटी गई स्कूटी, मोबाईल एवं लूट की घटना में प्रयुक्त टोटो गाड़ी बरामद की है। जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि 30जून की रात लगभग 11बजे शहर के कुंड मुहल्ला निवासी मो. इरफान मो. शाहजाद के साथ स्कूटी से जपला से डालटनगंज लौट रहे थे। इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के बैजनाथ आश्रम के पास अपराधियों ने पीछे से टोटो गाड़ी से धक्का मारकर स्कूटी सवार मो. इरफान और मो. शाहजाद को गिरा दिया और उनके पास से एक लाख चालीस हजार रुपए नकदी समेत मोबाईल, चांदी का चेन तथा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 11 जुलाई को रांची आएगी नीति आयोग की टीम

**रांची।** नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को झारखंड के दौरे पर आएगी और राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेगी। नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम 12 जुलाई को 12.30 बजे प्रोजेक्ट भवन सभागार में राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस टीम में वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, डॉ अशोक, ए सोनू सोनकुसरे, डॉ थ्यागराजू, नमन अग्रवाल और एसजी शिंदे शामिल हैं। दो दिवसीय इस दौरे में नीति आयोग की टीम के द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और योजनाओं को लेकर मंथन होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी नीति आयोग की टीम के मिलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार नीति आयोग की टीम 11 जुलाई को शाम 7.30 बजे दिल्ली से रांची पहुंचेगी। राज्य सरकार ने झारखंड भवन पर आ रहे डॉ विनोद कुमार पाल सहित सभी नीति आयोग के सदस्यों को राजकीय अतिथि घोषित किया है। झारखंड मंत्रालय में 12 जुलाई को 12:30 बजे होने वाली समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सहित सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में राज्य में चल रहे हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्रीय मद से बन रही सड़क, स्वास्थ्य एवं रेल हवाई मार्ग के लिए जमीन अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

### लालू ने रख दी विपक्षी दलों की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए शादीशुदा होने की शर्त, कहा

## जो भी पीएम बनता है, उसे पत्नी के बिना नहीं रहना चाहिए, पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत है

### लालू की इस शर्त से राहुल को होगी मुश्किल

**-कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट के बाद रूटीन चेक अप के लिए पटना से दिल्ली आए हैं। पटना से दिल्ली पहुंचे प्रसाद यादव से एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय पत्रकारों ने उनसे विपक्ष की ओर से पीएम के चेहरे और राहुल गांधी को शादी करने की सलाह के बारे में सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि जो भी पीएम बनता है, उसे पत्नी के बिना नहीं रहना चाहिए। पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत है।उनके इस कहे को लेकर राजनीतिकों में चर्चा होने लगी है कि क्या लालू प्रसाद यादव ने विपक्षी दलों की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए शादी शुदा होने की शर्त रख दी है। इससे तो राहुल गांधी को परेशानी हो सकती है। लालू से जब पत्रकारों ने पूछा कि 2024 के चुनावों में विपक्षी दलों के महा गठबंधन को कितनी सीटें मिलेंगी, तो उनका जवाब था- कम से कम 300 सीटें।





### 'पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत'

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से पत्रकारों ने जब विपक्ष का पीएम चेहरा और राहुल गांधी को शादी करने की सलाह के बारे में पूछा, तो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि जो भी पीएम बनता है, उसे पत्नी के बिना नहीं रहना चाहिए। पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत है। ऐसा नहीं होना चाहिए। इसे खत्म किया जाए।इसके पहले पटना एयरपोर्ट पर लालू प्रसाद से पत्रकारों के सवाल पर लालू यादव ने कहा कि हेल्थ चेक अप कराने के बाद लौटकर आऊंगा ,उसके बाद विपक्ष की बैठक के लिए बेंगलुरु जाऊंगा। नरेंद्र मोदी की विदाई करानी है। मालूम हो कि 23 जून को पटना में हुई विपक्षी एकता के लिए देशभर से आये विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में लालू यादव भी शामिल हुए थे।शरद पवार भी आए थे (जिनके साथ उनके वह भतीजे अजित पवार भी आए थे ,जो ईडी के डर व सत्ता के लोभ में अपने उस सगे चाचा शरद पवार को दगा दे दिया जिन्होंने अजित को अपने बेटे की तरह मानते हुए राजनीति में बढ़ाया था) विपक्षी दलों की अगली बैठक 17 व 18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली है।

## माइंस कारोबारी कृष्णा साहा ने किया कबूल, पंकज मिश्रा को दिये 30 लाख

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन के खेल में मास्टरमाइंड बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने बैंक खातों व नकदी में कमीशन के तौर पर लाखों रुपये की वसूली की। माइंस कारोबारी कृष्णा साहा की गिरफ्तारी के बाद पंकज मिश्रा के कमीशन लेने की पुष्टि हुई है। ईडी ने कृष्णाा के रिमांड पीटिशन में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि मनी लाउंड्रिंग की जांच के दौश्रान यह तथ्य सामने आयी है कि मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा और कृष्णा मिश्रा के बीच बैंक खातों के जरिए भी लेन देन हुई। पंकज मिश्रा के बैंक खाता 23420100000444 में 26 व 29 मार्च 2021 को 5-5 लाख रुपये डाले गए थे। वहीं कृष्णा कुमार साहा ने खुद कबूल किया है कि साहिबगंज में पत्थर कारोबार करने के बदले पंकज मिश्रा ने नकदी 25- 30 लाख रुपये कमीशन के तौर पर लिए थे। ऐसे में ईडी ने कृष्णा कुमार साहा को भी पीएमएलए 2002 की धारा 3 के तहत आरोपी बनाया है।

**आवंटित लीज जरिए से दोगुना क्षेत्र में अवैध खनन :** ईडी ने कृष्णा कुमार साहा के लीज एरिया का सर्वे भी किया था। ईडी ने जांच में पाया था कि साहा को मौजा चपांडे, अंचल पतना के प्लाट नंबर 44, 45, 47 व 52 में कुल रकबा 6.13 एकड़ जमीन की माइनिंग का लीज मिला था। लेकिन ईडी ने जब सर्वे की तब पाया कि माइनिंग लीज के दोगुना क्षेत्र में कृष्णा कुमार साहा के द्वारा अवैध खनन किया गया है।

**19 करोड़ के मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य :** ईडी ने जांच में पाया है कि कृष्णा कुमार साहा ने अपने नाम पर दो दर्जन से अधिक बैंक खाते खोल रहे थे। इस खातों की पड़ताल के दौरान ईडी ने पाया कि तकरीबन 19 करोड़ रुपये की मनी लाउंड्रिंग इन खातों के जरिए हुई है। कंपनी, अपने सहयोगियों व रिश्तेदारों के बैंक खातों के जरिए भी मनी लाउंड्रिंग की गई।

**एनजीटी कोर्ट में भी अवैध खनन का जिक्र**

साहिबगंज निवासी अरशद नसर ने एनजीटी में अवैध खनन की शिकायत की थी। एनजीटी ने जांच में पाया कि साहिबगंज में अलग अलग लोगों पर अवैध खनन से जुड़े कुल 125 एफआईआर दर्ज होने की बात सामने आयी है। वहीं ईडी ने भी जब अवैध खनन की जांच शुरू की, तब 50 केस सामने आए। इसी दौरान कृष्णा साहा के माइनिंग साइट पर हादसे के बाद दो लोगों की मौत के मामले में रांगा थाने में केस संख्या 65/23 भी दो जुलाई को दर्ज की गई थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### 10 वर्षीय बालक की सांप के काटने से मौत

**पाटन।** पाटन थाना के खौरन्धा गांव के रोहित कुमार को साँप काटने से मौत हो गई है। अमन कुमार 5 जुलाई को अपराह्न साढ़े पांच बजे गांव से सटे जिजोई नदी में कुछ लड़कों के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान विषैले सांप काट लिया। साँप काटने के बाद स्थानीय इलाज के बाद मेडिकल कालेज मेदिनीनगर बेहतर इलाज के ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को घर ले जाकर दाह संस्कार कर दिये । 10 वर्षीय रोहित चन्द्रवँशी के पुत्र था । रोहित चन्द्रवँशी कमाने बाहर गए है। बालक के सर्प दंश से मौत के बाद परिवार एवं गांव में ह्रदयविदारक घटना से लोग आहत है। मुखिया मंजू देवी, सुरेंद्र सिंह आदि ने पीड़ित परिवार से मिलकर आर्थिक सहायता दिलवाने एवं सांत्वना दिया।

### नहर में डूबने के 24 घंटे बाद किशोर का शव बरामद

**हुसैनाबाद।** बेल विगहा पंचायत के नावाडीह गांव निवासी मो. निजामुद्दीन का 14 वर्षीय पुत्र मो.साहिल के उतर कोयल मुख्य नहर में बुधवार को नहाने के क्रम डूबने से हुई मौत के 24 घंटे के बाद बिहार के नवीनगर थाना क्षेत्र के कांडी गांव के पास गुरुवार को नहर से शव बरामद किया गया।शव मिलने के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बूरा हाल है। नवीनगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर औरंगाबाद सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सैकड़ों कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** श्रावण मास के अवसर पर पांकी के तेतराई से सैकड़ों कांवरियों का जत्था गुरुवार की शाम बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह मुखिया राजेंद्र पांडे पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान सहित अन्य लोगों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात उनके मंगल यात्रा की कामना करते हुए एवं ओम नमः शिवाय के नारे लगाकर उन्हें विदा किया गया। आपको बता दें कि बस सेवा के तहत सैकड़ों कांवरिया बाबा बैजनाथ बासुकीनाथ सहित अन्य धार्मिक तीर्थ स्थल का भ्रमण कर 8 दिन बाद वापस पांकी पहुंचेंगे। मौके पर सैकड़ों कांवरियों समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुराने विवाद को लेकर मारपीट में पांच लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के सबानो गांव में पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में एक पक्ष के संजय चौधरी और ललिता देवी घायल हुए हैं। जबकि दूसरे पक्ष के दीपक चौधरी, प्रमिला देवी और पुनम चौधरी का नाम शामिल हैं। उक्त सभी लोग ग्राम सबानो गांव के ही निवासी है। बताया जाता हैं कि पूर्व में अवैध महुआ शराब बेचने को लेकर विवाद हुआ था,उसी पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्ष आपस में तू-तू मैं के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। इस घटना में दोनों ओर से हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की गई हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

### अखिल भारतीय व्यवसायी शिल्प की परीक्षा संपन्न

**हरिहरगंज।** कौवाखोह स्थित नेशनल प्राइवेट आईटीआई में जुलाई 2023 की अखिल भारतीय व्यवसायी (शिल्प) की प्रथम सत्र एवं द्वितीय सत्र की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त संपन्न हो गयी। केंद्राधीक्षक राजीव रंजन ने बताया कि इससे पहले 3 और 4 जुलाई को प्रथम सत्र के परीक्षा में 168 में से 147 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए ,जबकि 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से बेहतर कार्य के लिए चयनित

# उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए नेत्र चिकित्सक प्रकाश परिमल सम्मानित

**वर्तमान में प्रकाश परिमल तीन चार वर्षों से रेहला में भी अपनी सेवा दे रहे है**




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक प्रकाश परिमल को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में बेहतर कार्य करने के लिए मोमेन्टो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता थे। डॉ प्रकाश परिमल मूलतः पलामू जिले के केतात गांव निवासी सेवानिवृत्त जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशिनाथ चौबे के बड़े पुत्र हैं। इन्होनें मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी सेवा चेन्नई के चर्चित शंकर नेत्रालय से शुरू की थी। काफी दिनों तक वहां सेवा देने के उपरांत डॉ प्रकाश परिमल सामाजिक दायित्व के तहत अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करने हेतु रेहला में अपने हॉस्पिटल की एक शाखा खोले। इसके अलावा उन्होंने पलामू प्रमंडल के कई सुदूरवर्ती इलाकों में निःशुल्क आई कैम्प लगाया। वर्तमान में प्रकाश परिमल तीन चार वर्षों से रेहला में भी अपनी सेवा दे रहे है। तबसे यहां नेत्र रोगियों का तांता लगा रहता है। इसका मुख्य कारण कम खर्च में लोगों को देश के चर्चित नेत्र हॉस्पिटल शंकर नेत्रालय की तरह रेहला में भी सेवा उपलब्ध हो जाती है। रेहला में भी डॉ. परिमल का अत्याधुनिक संसाधनों से लैस प्रकाश आई केयर हॉस्पिटल संचालित है। जिसमें नेत्र रोगियों का सफल इलाज और ऑपरेशन हुआ करता है। डॉ प्रकाश परिमल के इस उपलब्धि से पूरे पलामू प्रमंडल में खुशी की लहर ब्याप्त है। कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,डॉ वी पी शुक्ला,डॉ डी पी शुक्ला,कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,डॉ राजेश्वर पांडेय,पूर्व प्रमुस्ख संतोष चौबे सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## नल जल योजना के तहत बोरिंग की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत नल जल योजना को लेकर बुधवार को मनातू प्रखंड अंतर्गत मंझौली पंचायत के वार्ड नंबर 9 में भूमि पूजन कर बोरिंग कराने की शुरूआत की गई। मुखिया किरण देवी ने मंत्रोच्चारण के साथ शिलान्यास किया! उन्होंने बताया कि नल जल योजना चालू हो जाने से सभी को शुद्ध पानी पीने को मिलेगा। वहीं मंझौली पंचायत में योजना का क्रियान्वयन होने से 8 सौ घरों में नल का जल पहुंचेगा। मुखिया ने कहा कि स्वच्छ पेयजल से कई प्रकार की बीमारियां दूर हो जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत हर घर नल का जल पहुंचाने का कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य में सभी का सहयोग जरूरी है। मौके पर समाजसेवी विकास साहू, उमेश यादव, कपिलदेव यादव, दिनेश यादव, संजय यादव,जीतन यादव, कमलेश यादव, कमेश उरांव, समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जन्म-मृत्यु पंजीकरण अभियान का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में जन्म - मृत्यु पंजीकरण अभियान के सफल संचालन हेतु आज एक शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, पंचायत सचिव व आंगनबाड़ी सेविका को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के निबंधन व निर्गत प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने बताया कि आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलता जाना है, जिसके तहत सभी छूटे हुए लोगों का जन्म - मृत्यु का पंजीकरण किया जायेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## सीएचसी के पुराने भवन में बना शहरी स्वास्थ्य केंद्र : कमलेश

**हरिहरगंज।** राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने गुरुवार को हरिहरगंज के अररुआ खुर्द में प्रेस कांफ्रेंस कर सीएचसी के पुराने भवन को शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विगत 15 नवंबर 2022 को नये भवन में सीएचसी शिफ्ट हो गया है। जिससे पुराना सीएचसी भवन खाली पड़ा है। शहरवासियों ने पहले भी सीएस पलामू तथा क्षेत्रीय विधायक को आवेदन देकर पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की थी। जिस पर सीएस व विधायक द्वारा आश्वासन भी दिया गया था। लेकिन आज तक शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं हुआ, जबकि पुरानी भवन खाली पड़ा है। श्री यादव ने जल्द शहरी स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं किये जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मौके पर कामेश्वर पासवान, राजू सिंह, लखन पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद में मार्डन खादी हाउस खुला

**हुसैनाबाद।** शहर के अम्बेडकर चौक स्थित सब्जी मार्केट के सामने डाक बंगला मार्केट में गुरुवार को मॉडर्न खादी हाउस का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ,निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार,वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर समाजसेवी छेदी खान ने कहा कि बढ़ती आबादी मे जरूरत की चीजों की मांगे बढ़ी है।यह प्रतिष्ठान लोगों के लिए लाभदायक साबित होगा।मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि क्वालिटी के आधार पर इस प्रतिष्ठान की अलग पहचान बनेगी। प्रतिष्ठान के प्रो. सह निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष ग्यास-उद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

## एसडीओ ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर गुरुवार को एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण प्रखंड सभागार हैदरनगर में बीएलओ व पर्यवेक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिये। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान एक जनवरी 2024 तक जिन व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो, वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नये मतदाताओं का नाम जोड़ने, पहचान पत्र में सुधार करने, जिनका निधन हो गया है, उनका नाम हटाने का कार्य किया जायेगा। इसके लिये संबधित मतदान केन्द्र के बीएलओ आवश्यक कागजात के साथ योग्य व्यक्ति का आवेदन लेकर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपलोड कर सकते हैं। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी ने बताया कि जो व्यक्ति मतदाता सूची में निबंधित नहीं है, वैसे व्यक्ति प्रपत्र छह में निबंधन के लिये आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए एक रंगीन फोटो, आयु प्रमाण पत्र एवं पता का प्रमाण से संबंधित कागजात संलग्न करना होगा। मृत या स्थानांतरित प्रविष्टि के विलोपन के लिए प्रपत्र सात में आवेदन दिया जा सकता है। मतदाता सूची में अंकित प्रविष्टि की शुद्धि के लिये प्रपत्र आठ में आवेदन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करना जरुरी है। इसके अलावा उन्हें बीएलओ एप की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बीएलओ को डोर टू डोर अभियान चलाकर मृत व पलायित मतदाताओं को हटाने, 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के साथ मतदाताओं का नाम पता व फोटो का सुधार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## भंडार में माता शबरी मंदिर की होगी प्राणप्रतिष्ठा व कलश यात्रा



**विश्रामपुर।** प्रखंड के भंडार व लालगढ़ पंचायत के खुठहेरवा टोला में बनकर तैयार माता शबरी मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा व कलश यात्रा का आयोजन नौ जुलाई को होगा। इसकी जानकारी आज स्थानीय विधायक पुत्र डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज परिसर में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को दी। उन्होने बताया कि विश्रामपुर प्रखंड के भंडार व लालगढ़ पंचायत के खुठहैरवा टोला में स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के द्वारा माता शबरी का मंदिर बनवाया गया है। उक्त दोनों जगहों पर बनकर तैयार माता शबरी मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा नौ जुलाई को होगी। साथ ही कलश यात्रा के साथ विशेष पूजा-अर्चना का भी आयोजन किया जायेगा। मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा का उद्घाटन स्वयं विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी करेंगे। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में छतपुर विधायक पुष्पा देवी व वशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी मौजिद रहेंगे। प्रेसवार्ता में वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय व इद्रीश हवारी भी मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

51वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–पलामू

| आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|
| 1. आवेदन क्र0–425<br>2. आवेदक– मो0 सुलेमान अंसारी<br>3. पिता–स्व0 सखावत अंसारी<br>4. ग्राम–पोखराह खुर्द पोस्ट–रजवाडीह<br>5. थाना–सदर मेदनीनगर प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉया ऑख पर कटा निषान | नहीं | नहीं | कारणः– कारणः– झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित अखबार कतरन में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–अन्य | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.301565 Home(23-24):D



**Office of The Executive Engineer**
**Building Construction Department Building Division, Garhwa.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING RE-TENDER**

Sealed Tenders are invited for ***Construction work of Block Public Health Unit Building at Ranka.*** by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **13-07-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **13-07 2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderes or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **12-07-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **5000/-** in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

**Executive Engineer,**
Building Division, Garhwa.

PR 301560Building(23-24)#D



**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार।**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 15 वर्ष 2023–24**

**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 13.07.2023 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 14.07.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 14.07.2023 को 03:30 बजे अपराह्न, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन में राजकीयकृत मध्य विद्यालय गनियारी में चाहरदिवारी निर्माण। | 2203400.00 | 44500.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरमर में चाहरदिवारी निर्माण। | 1147600.00 | 23000.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 3 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत चकला में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नगर में चाहरदिवारी निर्माण। | 858300.00 | 17500.00 | 1250.00 | 06 माह |

8.परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10.उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो संबंधित प्रखण्ड से है वही भाग ले सकते है।
11.Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12.वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 301656 Rural Development(23-24)D



**विशेष न्यायालय (निगरानी), रॉंची,झारखण्ड**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमल किशोर सिन्हा, पिता–स्व0 मुरलीधर प्रसाद, सा0–दाउदनगर, जिला– औरंगाबाद (बिहार) The then, Executive Engineer, AJAWINI South Bihar Division, Ranchi निगरानी थाना (रॉंची) काण्ड संख्या–31/2000 सम्प्रति विशेष वाद सं0–18/2000 के अभियुक्त हैं तथा ये अपने निवास स्थान से फिरार हैं। माननीय निगरानी न्यायालय, रॉंची, झारखण्ड द्वारा इनके विरूद्ध इश्तिहार (Sec.82 Cr. P.C) निर्गत किया गया है तथा इनकी माननीय न्यायालय में उपस्थित होने की तिथि 10.08.23 निर्धारित है। यदि उक्त अभियुक्त निर्धारित तिथि से पूर्व माननीय न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो इनके विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

(श्री प्रकाश झा),
माननीय विशेष न्यायाधीश,
निगरानी न्यायालय, रॉंची, झारखण्ड

PR 301655 Vigilance(23-24).D



**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**विज्ञापन सैरात बंदोबस्ती की सूचना संख्या 01/2023–24 2nd CALL**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.08.2023 से दिनांक 31.08.2024 तक एक वर्ष की अवधि के लिए गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न प्रकारों के विज्ञापन पट्ट तथा होर्डिंग से विज्ञापन शुल्क वसूली हेतु एजेन्सी का चयन किया जाना है। उक्त एजेन्सी का चयन खुली डाक द्वारा अधिकतम बोली के आधार पर किया जाएगा। इस बंदोबस्ती में निबंधित संस्था, समिति तथा अच्छे आचरण वाले सर्व साधारण व्यक्ति भाग ले सकते है। खुली डाक का आयोजन के पहले दिनांक 17.07.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से डाकदाताओं को विभिन्न नियमों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा शंका सामाधान हेतु Pre Bid बैठक का आयोजन किया जाएगा, तथा उसी दिन दिनांक 17.07.2023 को खुली डाक का आयोजन अपराह्न 12.30 बजे से किया जाएगा।

उक्त खुली डाक में भाग लेने हेतु सुरक्षित जमा राशि, जमानत की राशि तथा अन्य राशियों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न प्रकार के होर्डिंग एवं विज्ञापन पट्ट से शुल्क वसूली। | 150000.00 | 15000.00 |

उक्त सैरात की बन्दोबस्ती हेतु आवेदन पत्र गढ़वा नगर परिषद कार्यालय से दिनांक 10.07.2023 से दिनांक 15.07.2023 तक पूर्वाह्न 11.00 बजे से संध्या 4.00 बजे तक राशि 500/– पॉच सौ रुपये मात्र का नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदकों द्वारा सभी अनुलग्नकों के साथ पूर्ण रुप से भरा हुआ आवेदन दिनांक 11.07.2023 से दिनांक 15.07.2023 तक अपराह्न 05.00 बजे तक गढ़वा नगर परिषद कार्यालय में जमा किया जा सकता है। उक्त सैरात की बन्दोबस्ती से संबंधित नियम एवं शर्तो को गढ़वा नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 301595Urban Development(23-24)#D

**NEWS इन ब्रीफ**

### नये बीईईओ ने दिया योगदान

**मेदिनीनगर।** चैनपुर बीईईओ बलराम पाठक की सेवानिवृति के उपरांत यहां पदस्थापित नये प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामा पाठक ने योगदान दिया। प्रखंड संसाधन केंद्र में श्रीमती पाठक के योगदान के समय सेवानिवृत हुए बीईईओ श्री पाठक भी मौजूद रहे। इस दौरान सेवा निवृत श्री पाठक ने कहा कि यहां बहुत ही कम दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का मौका मिला। अफसोस है कि अगर कुछ और दिन का समय मिलता तो कुछ और करने का अनुभव होता।उन्होंने कहा कि अब वे जहां भी रहेंगे शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को सहयोग करने का काम करेंगे। प्रभार ग्रहण करते हुए श्रीमती रमा पाठक ने कहा कि उन्हें जो कार्य मिला है उस कार्य को वह बखूबी निभायेंगी। सभी के साथ मिलजुल कर शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने का काम करेंगी।कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर ना हो इसके लिए वह हमेशा कार्य करते रहेंगी। उन्होंने सभी से एकजुटता बनाए रखते हुए काम करने की अपील की। मौके पर बीपीओ अनु सिंह, बीआरपी राकेश कुमार, जुबेर अहमद,ओम प्रकाश भारती, बीआरजी अजय कुमार पांडे,नीरज कुमार, अकाउंटेंट प्रवीण ओझा,एमडीएम ऑपरेटर आशीष शुक्ला,एमआईएस ऑपरेटर मुकेश कुमार, ऑपरेटर चंदन कुमार,अख्तर व अनुज कुमार समेत सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### भाजपा पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।**भारतीय जनता पार्टी पलामू की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। व विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता भी उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गयी तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया।विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद जी का जन्म आज ही के दिन सन 1901 में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन काल में कभी किसी के साथ समझौता नहीं किया।यहां तक कि पंडित जवाहरलाल नेहरु की कैबिनेट से इस्तीफा देने वाले पहले व्यक्ति वही थे । जिन्होंने एक देश एक निशान एक विधान का नारा दिया और धारा 370 का विरोध किया था।

# मेदिनीनगर से देवघर के लिए जेपीएस की बस सेवा शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदनीनगर के शिव भक्तों के लिए खुशखबरी लेकर आया है जेपीएस कंपनी। इससे पहले देवघर जाने के लिए मेदिनीनगर वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब मेदनीनगर वासियों को बाबा नगरी जाने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेदिनीनगर से ही जेपीएस कंपनी के द्वारा वातानुकूलित बस सेवा उपलब्ध कराई गई है। यह बस प्रतिदिन 8:30 बजे रात को मेदिनीनगर बस स्टैंड से देवघर के लिए रवाना होगी और सुबह 7:00 बजे देवघर पहुंच जायेगी। देवघर के लिए रवाना होने वाली बस लातेहार, चंदवा, बगरा, सिमरिया, हजारीबाग, बगोदर, जमुआ, जसीडीह होते हुए देवघर पहुंचेगी। इस बस सेवा की शुरूआत 5 जुलाई को रात्रि 8:30 बजे की गई। बस की पहली यात्रा शुरू करने से पहले झामुमो नेता अभिषेक सिंह, 20 सूत्री कमेटी पलामू के सदस्य जीवन प्रसाद सिंह एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पलामू के अध्यक्ष रूद्र प्रसाद सिंह ने नारियल फोड़कर बस को रवाना किया। इस मौके पर जीवन प्रसाद सिंह ने बाबा बाबा नगरी जा रहे यात्रियों को शुभकामनाएं दी। बताया गया कि इस बस की सेवा प्रतिदिन जारी रहेगी। अभिषेक सिंह ने बताया कि देवघर से भी 8:30 बजे रात को ही बस मेदिनीनगर के लिए प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह 7:00 बजे मेदनीनगर पहुंच जाएगी।

# एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर गुरुवार को शहर थाना के एएसआई इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गयी। और वाहन के कागजात की जांच की गयी।इस दौरान बिना कागज और लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े गए सभी वाहनो को इंद्रदेव पासवान के द्वारा फाइन के लिए डीटीओ आफिस भेज दिया गया है। वहीं वाहन चेकिंग के दौरान एएसआई इंद्रदेव पासवान ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है।



उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे।परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सौतेले बेटों ने मां को पीटकर किया गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुकरी मोड़ निवासी कमरुद्दीन अंसारी की पत्नी साजिदा बानो 45 वर्ष को सौतेले बेटों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह किसी बात को लेकर साजिदा बानो का अपने सौतेले बेटों से झगड़ा होने लगा। इस बीच सौतेला बेटा मुख्तार अंसारी और तजमुल अंसारी दोनों मिलकर साजिदा बानो को मारने पीटने लगे जिसमें साजिदा गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी साजिदा बेहोश पड़ी हुई है। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी चैनपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सुखाड़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने बनायी योजना

# पलामू में 6400 कुओं का होगा निर्माण

**राज्य सरकार प्रत्येक कुएं पर 50 हजार रुपये खर्च करेगी**

**इन सभी कुओं को नवंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सुखाड़ के बाद जल संरक्षण एक बड़ी चुनौती होती है। पलामू का इलाका प्रत्येक दो वर्षों में सुखाड़ की समस्या से जूझता है और देश भर में सुर्खियों में रहता है। अब यहां प्रशासन सुखाड़ से निबटने के लिए बारिश के पानी के संचयन की योजना बना रहा है। इसके लिए पलामू में 6400 कुएं बनाए जाएंगे। राज्य सरकार प्रत्येक कुएं पर 50 हजार रुपये खर्च करेगी। इन सभी कुओं को नवंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा।वर्षा जल संरक्षण के बारे में पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि कुएं का निर्माण स्थल ग्राम सभा के द्वारा चयन किया जाएगा। पलामू के सभी पंचायतों में 24-24 कुएं बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कुएं का निर्माण कृषि कार्य के लिए किया जाना है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत भी जल संरक्षण और संचयन के लिए योजना चलाई जा रही है। पलामू के इलाके में कृषि कार्य के लिए पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। इलाके की 70 प्रतिशत से भी अधिक जमीन सिंचाई के लिए प्राकृतिक जल स्रोत पर निर्भर है। पलामू का इलाका प्रत्येक दो वर्षों में सुखाड़ और अकाल से जूझता है। सुखाड़ से निबटने के लिए पलामू में कई योजनाओं की शुरूआत की गई है, इसी कड़ी में 6400 कुओं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। अगले एक महीने में इन सभी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही इनसे 2023 के अंतिम महीनों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो जाएगा। अगले एक महीने में सभी पंचायतों में ग्राम सभा को इस टास्क को पूरा करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही उन्हें लाभुकों का चयन कर सूची उपलब्ध करवाने का भी निर्देश दिया गया है। इन कुओं के बन जाने से 10 एकड़ से भी अधिक जमीन पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा, जबकि हजारों परिवारों के पेयजल संकट दूर होगा।

# राजस्व उप निरीक्षक के निधन से कर्मचारियों में शोक

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर :चैनपुर अंचल की राजस्व उप निरीक्षक रीता कुमारी की आज रांची के रामप्यारी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी निधन की खबर मिलते कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। जिसके बाद कार्यालय परिसर में शोक सभा आयोजित कर इस आसामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा को शांति की प्रार्थना ईश्वर से की गई। सभा के उपरांत अंचल व प्रखंड कार्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया।



सभा में चैनपुर सीओ संजय बखला, बीडीओ गिरवर मिंज, अंचल के प्रधान सहायक रंजय कुमार सिंह, नाजिर अरविन्द कुमार, जिपीएस वीरेंद्र राम, उप निरीक्षक सुजीत कुमार, करण कुमार एवं संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### सब्जी व्यवसाईयों ने निकाला जुलूस

**मेदिनीनगर।** बाजार के थोक - खुदरा एवं आलू प्याज के व्यवसायियों ने नगर आयुक्त के द्वारा बाजार से थोक मंडी को हटाने के खिलाफ नगर निगम से जुलूस के शक्ल में नारा लगाते हुए नगर आयुक्त के चेंबर के समक्ष प्रदर्शन किया जिसका नेतृत्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी कर रहे थे। इस दौरान लोग इंकलाब जिंदाबाद, नगर आयुक्त थोक व्यवसायियों के साथ सौतेला व्यवहार करना बंद करें, जैसे नारे लगा रहे थे।

बिजली विभाग की लापरवाही

## करंट की चपेट में आकर महिला घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिजली विभाग की लापरवाही से लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हरतुआ निवासी सुमंत गिरी की पत्नी मालती देवी उम्र 50 वर्ष बिजली करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल के पति सुमंत गिरी ने बताया कि कुछ महीने पहले उनके घर के पास एक बिजली का खंभा टूट कर उनके घर के आड़े आ गया है। इसके वजह से उनके घर में अर्थिंग के माध्यम से करंट हमेशा प्रवाहित होता रहता है। उन्होंने बिजली विभाग लेस्लीगंज से पोल को हटाने व दुरुस्त कराने के लिए इसकी शिकायत की थी। परंतु अभी तक ना तो पोल हटा है, नाही बिजली विभाग के कर्मी इस और ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह उनकी पत्नी मालती देवी अपने घर से बाहर निकल रही थी तभी वह उसी पोल के बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले गांव के बबन गिरी की पुत्री पल्लवी कुमारी भी इस पोल के बिजली करंट की चपेट में आकर घायल हो गई थी। यदि बिजली विभाग की यही लापरवाही रही तो अन्य लोग भी इस गिरे हुए पोल से बिजली की चपेट में आकर घायल हो सकते है।

# अस्पताल अधीक्षक ने इमरजेंसी वार्ड के कर्मचारियों को लगाई फटकार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में टेटनस का इंजेक्स नही रहने पर अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने इमरजेंसी वार्ड के कर्मचारियों को लगाई फटकार। जानकारी के अनुसार गुरुवार को हॉस्पिटल चौक स्थित विजय चंद्रवंशी अपने घर में टांगा से लकड़ी काट रहे थे। तभी वह टांगा के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में जब वह सदर अस्पताल अपने इलाज के लिए पहुंचे तो वहां पर टेटनस का इंजेक्शन नहीं था। उन्हें बाहर से टेटनस का इंजेक्शन लेकर लगवाना पड़ा। तभी किसी व्यक्ति के माध्यम से इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक को दी गई। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड के कर्मियों के द्वारा हमें टेटनस इंजेक्शन खत्म होने की जानकारी नहीं दी गई थी। इसी जानकारी के अभाव में इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाया। अस्पताल में इंजेक्शन खत्म होने की बात सुनकर अस्पताल अधीक्षक ने तुरंत अपने एक कर्मचारी को बुलाकर उसे टेटनस का इंजेक्शन उपलब्ध कराने का आदेश दिया। अस्पताल अधीक्षक के आदेश के तुरंत बाद टेटनस का इंजेक्शन इमरजेंसी वार्ड में उपलब्ध करा दिया गया। इस संबंध में अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि अभी दवा का टेंडर नहीं हो पाया है इसके वजह से अस्पताल में कुछ दवाओ की कमी है। टेंडर होने के बाद पुनः सदर अस्पताल में पूर्ण रूप से मरीजों को दवा उपलब्ध हो पायेगी।



### पेड़ लगाओ जीवन बचाओः कौशल

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड अंतर्गत आसेहार स्त्रोनत उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को स्कूल के प्रिंसिपल और आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन के नेतृत्व में पौधा लगाया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि पेड लगाना तथा पेड़ों को बचाना आज समय की जरूरत है न कि दिखावा। अगर आज हम सब महीने में कम से कम एक पौधा लगाएं तो ही हमारी संस्कृति तथा आने वाली पीढ़ियों को वातावरण के दुष्प्रभाव से बचाया जा सकता है। वहीं मौके पर उपस्थित आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि पर्यावरण में जिस हरियाली की सबसे ज्यादा जरूरत मानव जीवन और पशु-पक्षियों के लिए है वह भी खत्म होती जा रही है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि हरे-भरे पेड़ पिछले 20 साल से बड़ी तेजी से काटे गए और बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने आसमान को छूती इमारतें बनाकर खड़ी की हैं। वह सब मानव जीवन का भौतिक सुख तो हो सकता है, इसलिए हम सभी को एक पेड़ लगाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को गर्मी से राहत मिल सके।

# ब्रजपात पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंची सांसद प्रतिनिधि टीम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 5 जुलाई को बजराहा सिंगराखुर्द निवासी कामेश्वर राम पिता स्व वान राम की मृत्यु ब्रजपात से हो गई थी आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। सांसद पलामू के निर्देश पर प्रतिनिधि विजय ओझा एक टीम के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए ओझा ने कहा कि सांसद पलामू बीडी राम अभी सरकारी और पार्टी मीटिंग के लिए दिल्ली में है। जब वे लौट आएंगे तो व्यक्तिगत रूप से भी पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देंगे और सरकारी प्रावधानों के अनुसार जो भी मुआवजा प्रदत है उसे भी दिलवागे। ओझा ने सीओ मेदिनीनगर से बात की और पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन से मिलने वाले चार लाख मुआवजा के लिए जरूरी आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ओझा के अगुवाई में टीम राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय उच्च प्लस टू विद्यालय अयोध्या कोलहुआ चैनपुर भी पहुंची। स्कूल के प्राचार्य डॉ० मदन मोहन यादव ने बताया कि 21 जून को ब्रजपात स्कूल के छत पर हुई थी जिसमें कक्षा आठ की छात्रा प्रियंका कुमारी की मौत हो गई।

# मेदिनीनगर में दिखाई गयी तीन शार्ट फिल्में

**मेदिनीनगर।** शहर के होटल निर्वाणा के हॉल में गुरुवार को पलामू में बनी तीन शार्ट फिल्मों को दिखाया गया। साथ ही चित्रपट भारती द्वारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल अग्रवाल और फेस्टिवल के पलामू प्रभारी राकेश रमण मौजूद थे। राकेश रमण ने इस अवसर पर कहा की चित्रपट भारती का उद्देश्य है की फिल्म निमार्ता अच्छी फिल्में बनाये। साथ ही उन फिल्मों से समाज पर एक सकारात्मक परिवर्तन आ सके। इसी उद्देश्य को लेकर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। निर्देशक पुलिन मित्रा ने बताया की अभी पलामू में उनके द्वारा और भी कई फिल्मों का निर्माण किया जाएगा,जिसमे स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा। कार्यक्रम में भूमिका फिल्म्स और मेलोडी थियेटर एंड फिल्म्स के द्वारा बनाये गए तीन फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्मों का नाम लौ, लापरवाही और थैंक्यू था। पिछले दिनों रांची में आयोजित चित्रपट भारती के फिल्म फेस्टिवल में चन्दन कुमार, रोहित कुमार व कमल रंजीत को अभिनेता, बाल कलाकार व निर्देशक पुरस्कार भी मिल चुका है। फिल्म लौ को भी इस फेस्टिवल में पुरस्कार मिला था। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार ने किया।


**अव्यवस्था** — लाखों रुपये के राजस्व का हो रहा घाटा

# लिंक फेल रहने से जमीन रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित

**रजिस्ट्री कराने आये लोग दिन भर लिंक का करते रहे इंतजार**

**दूर-दराज से आये लोगों को दिनभर होना पड़ता है हलकान**

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** राजधानी रांची सहित अन्य जगहों पर भी निबंधन कार्यालय समेत राज्यभर के कार्यालयों में लिंक फेल रहने से लगातार चौथे दिन भी जमीनों की रजिस्ट्री का कार्य पूरी तरह से प्रभावित रहा। पलामू रजिस्ट्री कार्यालय में भी पसरा रहा सन्नाटा। सूत्रों के अनुसार पता चला है कि जुलाई महीने में अब तक एक भी डीड की रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। पलामू गांव कस्बों से ज्यादा लोग यहां आते है। जिनकी रजिस्ट्री होनी थी। लिंक फेल रहने के कारण एक भी दस्तावेज का निबंधन नहीं हो सका। रजिस्ट्री कराने आए लोग दिन भर लिंक का इंतजार करते रहे लेकिन, देर शाम तक लिंक नहीं आया। दूर-दराज से आए लोगों को दिनभर हलकान होना पड़ता है। अंत में निराश होकर घर लौट जाते हैं। उन्होने बताया कि यह समस्या रजिस्ट्री कार्यालय में बराबर रहती है। सर्वर स्लो और लिंक फेल रहने के कारण विगत कई दिनों से जमीन की रजिस्ट्री का काम प्रभावित हो रहा है। दर्जनों की संख्या में लोग जमीन की खरीद-बिक्री करने निबंधन कार्यालय पहुंचते हैं लेकिन सर्वर डाउन और लिंक फेल रहने के कारण देर शाम तक इंतजार कर काम कराये बिना घर लौटने को विवश हैं।

# बच्ची का बेहतर इलाज कराये निगम : सांसद प्रतिनिधि

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वाहन से पिछले दिनों घायल हुई बच्ची का निगम प्रशासन द्वारा कथित इलाज नहीं कराये जाने से वार्ड नंबर 31 के दलित मोहल्ला के लोगों में नाराजगी व्याप्त है। इसे लेकर नाराज लोगों ने आज जनता ने नगर निगम निगम के कचड़ा फेकने वाले वाहन को रोक कर सड़क जाम कर दिया। जाम लगभग 4 घंटे तक रहा। जाम की सुचना पाकर चैनपुर बीडीओ गिरवर मिंज,सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे एवं स्थानीय प्रथम पार्षद प्रमिला देवी मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम को समाप्त कराया। इस दौरान पांच लोगों की कमेटी बनवा कर पलामू के डीडीसी सह नगर आयुक्त रवि आनंद से मिलने के लिए भेजा गया। जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि श्री पाण्डेय ने बताया कि 23जून को नगर निगम के टीपक नंबर 4 से इस मुहल्ले के अखिलेश मोची की पुत्री शांति कुमारी की दुर्घटना हो गई। इसमें वह घायल हो गई है। उसे इलाज के लिए स्थानीय पार्षद के सहयोग से सदर हॉस्पिटल पहुंचाया गया था। तब नगर निगम के द्वारा आश्वासन मिला था कि बच्ची के बेहतर इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इलाज का सारा खर्चा नगर निगम के द्वारा किया जाएगा। लेकिन अब तक इलाज के नाम पर मात्र नगर निगम के नगर आयुक्त के द्वारा एक बोतल ब्लड की व्यवस्था की गई है। उसके बाद किसी प्रकार का कोई सहयोग नगर निगम के द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिससे आक्रोशित होकर दलित मोहल्ले की जनता ने आज नगर निगम की गाड़ी को रोकने का निर्णय लिया था।स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्ची शांति कुमारी बहुत ही लाचार बेसहारा है। इसके माता-पिता दोनों ही मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं। निगम प्रशासन इस पर विशेष ध्यान देकर इसका बेहतर इलाज की व्यवस्था करे। मौके पर नगर निगम जमादार इश्तियाक शाह, तुलसी रवि, गौतम रवि, अभय मोची, धीरज जायसवाल, दीनानाथ मोची, विजय पासवान, अखिलेश मोची, इरशाद अहमद, लाला पासवान, अरुण पासवान, ललिता देवी, सुनीता देवी, शांति देवीएवं मकसूद आलम समेत बड़ी संख्या में मुहल्ले के लोग उपस्थित थे।

# बुरे कर्म का फल बुरा ही होता है, यही मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पाल्हे जतपुरा ग्राम में प्रवचन करते हुए जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि बुरा कर्म का फल बुरा ही होता है। मनुष्य को कर्म करने में सतर्कता बरतनी चाहिये। बुरे कर्मों से बचना चाहिये। बुरा कर्म ही मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। जैसा कर्म करेंगे वैसा फल मिलना निश्चित है। इसलिए किसी भी प्राणी को बुरा कर्म नहीं करना चाहिए। किसी भी निर्दोष जीवों को मारकर खाना बहुत ही बड़ा पाप है। किसी भी जीव को मारकर खाने का किसी भी मनुष्य का कोई अधिकार नहीं है। मनुष्य कुछ पल के लिए जिह्वा के स्वाद के लिए प्राणियों को मारकर खा जाता है। यह बहुत ही बड़ा अपराध है। इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीर्थ करने से भी बड़ा फल संत दर्शन का होता है। तीर्थ करें फल एक है संत मिले फल चार। पूर्व जन्म का जब पुण्य ईकट्ठा होता है तो संत का दर्शन होता है। संत के दर्शन मात्र से बड़ी से बड़ी बाधाएं टल जाती है। मनुष्य को संसार में रहते हुए और संसार में जीविकोपार्जन के लिए कार्य करते हुए ईश्वर में ध्यान लगाते रहना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है। श्री कृष्ण के बाल लीलाओं को सुनने से मनुष्य ईश्वर को प्राप्त कर लेता है। सभी देवी देवता भी कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करते रहते हैं। जब भी समय मिले नित्य प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते रहना चाहिए। भागवत कथा का पाठ करते रहना चाहिए। जिस घर में भागवत कथा का पाठ होता हो उस घर में लक्ष्मी का आगमन हो जाता है और घर में प्रायः शांति स्थापित रखती है। मनुष्य को इस बात पर हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमसे किसी भी दूसरे मनुष्य को कोई परेशानी ना हो। कोई कष्ट ना हो। उन्होंने कहा कि बेवजह पेड़ पौधे को नहीं काटना चाहिए यह दिन रात हमें प्राणवायु ऑक्सीजन उपलब्ध कराते रहते हैं।





## कार्यकारणी सदस्यों ने लगाया गलत तरीके से राशि निकालने का आरोप

# गरबांध पंचायत की मुखिया के विरुद्ध बीडीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के गरबांध पंचायत के उप मुखिया पार्वती देवी के नेतृत्व में वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम को मुखिया के खिलाफ आवेदन देकर 15वें वित्त से गलत तरीके से राशि निकालने का आरोप लगाया। आवेदन में वार्ड सदस्यों ने लिखा है कि मुखिया सिविस्टयानी देवी के द्वारा कार्यकारिणी में लिये गए योजना को बदल देती है। मन के मुताबिक योजना का चयन कर कंप्यूटर पर लोड करवा देती है जिससे मुखिया अपने मन-मानी कार्य कर सकें।

बीडीओ को दिए गए आवेदन में साफ तौर पर लिखा गया है कि पूर्व के कार्यकारिणी में लिया गया योजना को हटाकर राजा तालाब के पास पूर्व में पीएचडी के पाइप बांध में लगाया गया था। जबकि मुखिया ने उसी को दिखाकर एक लाख रुपये की योजना पास कर दी। ब्राह्मणी भुइयां टोला में पीएचडी से प्रधानमंत्री नल जल योजना से 40 घरों में पाइप बिछाया गया। फिर भी मुखिया ने उसी चापाकल में 15वें वित्त से सोलर जल मीनार लगाकर राशि दुरुपयोग करते हुए गलत ढंग से राशि का निकासी कर ली। आवेदन में यह भी लिखा है कि नल जल योजना में भी अपनी मनमर्जी की गई है और हम सभी वार्ड सदस्यों को मुखिया द्वारा यह कहा गया कि तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। पंचायत का मालिक मैं हूं। सदस्यों द्वारा कहा गया है कि मनरेगा में भी मुखिया द्वारा एक दलाल रख लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मास्टर रोल पर एक हजार रुपये लिए जाते हैं। मनरेगा से किसी भी योजना की कोड कराने के लिए बोलते हैं तो प्रत्येक कोड पर दो हजार रुपये मांगे जाते हैं। इसकी शिकायत पूर्व में प्रखंड विकास कार्यालय में की गई है, लेकिन उस पर अभी तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि हम सभी वार्ड सदस्य कार्य योजना जो देते हैं उसको मुखिया द्वारा बदल दिया जाता हैं। अपने मुताबिक योजना कंप्यूटर पर लोड करवा दी जाती है। इसी कारण हम सभी वार्ड सदस्य कार्यकारिणी की बैठक का विरोध कर रहे हैं। सदस्यों ने आवेदन में लिखा है कि जब तक मुखिया पर कार्रवाई नहीं होगी कार्यकारिणी की बैठक में भाग नहीं लेंगे। मौके पर खुशबू देवी, पारसनाथ यादव, बुधनी देवी, सावित्री देवी, मीना देवी, ममता देवी, रुद्रा देवी आदि मौजूद रहे।



## मुंह में बम फटने से गाय की तड़प-तड़प कर मौत

**गढ़वा।** शहर थाने के चिरौंजिया गांव में एक बछिया गाय के मुंह में बम फटने से उसका पूरा जबड़ा उड़ गया। घटना के थोड़ी देर बाद ही घायल गाय ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा पहाड़ के नीचे कुछ स्थानों पर जंगली सूअर मारने के लिए बम को रख दिया जाता है। उक्त घटना इसी का परिणाम बताया जा रहा है। गाय के मालिक हरिद्वार यादव ने इस संबंध में गढ़वा थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। हरिद्वार यादव ने अपने आवेदन में लिखा है कि मंगलवार को 3 बजे दिन में बेवराटांड़ अरंगी पहाड़ के पास चर रही अपनी काली रंग की बछिया को लेने जा रहे थे तभी अचानक बम धमाके की आवाज सुनाई दी। उस दिशा में गये तो देखा कि उनकी गाय दौड़ती हुई उनकी ओर आ रही है। उसका जबड़ा बम धमाके से चिथड़ा चिथड़ा हो गया। उसे लेकर वे तुरंत जिला पशु चिकित्सालय गढ़वा पहुंचे जहां इलाज के क्रम में उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

# शराब के नशे में विवाद के बाद दंपती ने की खुदकुशी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शराब के नशे में धुत होकर दंपती ने आपस में नोकझोंक कर आत्महत्या कर ली। घटना डंडई थाना क्षेत्र के डंडई गांव के बैगा टोला में बुधवार को घटित हुई है। मृतकों में बैगा टोला निवासी बिहारी बैगा (60) एवं उसकी पत्नी लछमिनियां देवी (55) शामिल हैं। इससे पहले दंपती को गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिहारी बैगा व उसकी पत्नी लछमिनियां देवी अपने एकलौते पुत्र मनोज परहिया से अलग रहते थे। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे बिहारी व लछमिनियां ने अपने घर में ही शराब पी ली थी। इसके बाद दोनों आपस में नोकझोंक कर रहे थे। इस बीच बिहारी बैगा ने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसे देखकर लछमिनियां देवी ने भी जहरीला पदार्थ खाकर एक चारपाई पर लेट गई। इस संबंध में मृतक की बहू कमलावती देवी ने बताया कि दोपहर में वह खेत पर से काम कर घर लौटी थी। तब उसके बच्चों ने उसे बताया कि दादा व दादी चुपचाप सो रहे हैं। उसने बताया कि जब वह उन्हें देखने के लिए गई तो बिहारी परहिया व लछमिनियां देवी के मुंह से फेन-गाज निकल रहा था। इसके बाद एक वाहन से उन दोनों को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान ही दंपती की मौत हो गई।



## मंत्री आज मोबाइल हेल्थ यूनिट को दिखाएंगे हरी झंडी

**गढ़वा।** स्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित ऑन व्हीलस मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम के तहत जिले भर में लोगों को मोबाइल चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शुक्रवार को इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। मंत्री इस मोबाइल हेल्थ यूनिट को प्रातः 10:30 बजे सदर अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट जिले के गांव-गांव में लोगों के घर तक पहुंचकर बच्चों एवं पूरे परिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायेगी। स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू ने बताया कि झारखंड के गढ़वा सहित पांच जिलों के चिन्हित गांव में वंचित आबादी के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को उनके घर के दरवाजे तक जाकर पूरा करेगी।

# तीन माह के राशन का गबन करने का आरोप, धरने पर बैठे लाभुक

## डीलर के विरुद्ध कार्रवाई के आश्वासन पर माने कार्डधारी

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर गुरुवार को खाला गांव के सैकड़ों राशन कार्ड धारियों ने डीलर खुशबू महिला मंडल समूह पर तीन माह के राशन का गबन करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गए। राशन कार्ड धारियों ने बताया कि हम लोगों ने 22 दिन पूर्व धुरकी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह को लिखित शिकायत कर कहा था कि डीलर के बिचौलिए द्वारा राशन का गबन व राशन कार्ड धारियों से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई। लाभुकों का कहना था कि जब तक डीलर को बर्खास्त नहीं किया जाता है तब तक हमलोग धरने पर बैठे रहेंगे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का जिला की मीटिंग में उपस्थित होने के कारण प्रखंड कर्मी फैयाज खान, अंचल कर्मी आशुतोष झा, प्रमुख शांति देवी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी, कमलेश सिंह गोंड धरना स्थल पर पहुंचकर शनिवार तक डीलर के विरुद्ध करवाई करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया। ग्रामीणों ने पुनः प्रखंड प्रमुख शांति देवी और प्रखंड कार्यालय को आवेदन सौंपा। इस दौरान हकीक अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी, खलील अंसारी, काबेदिन अंसारी, तुराब अंसारी, इस्माइल अंसारी आदि कार्डधारी मौजूद थे।



## संकट भवनाथपुर बाजार क्षेत्र में बिजली समस्या हुई गंभीर

# व्यवसायियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली की समस्या गंभीर होती जा रही है। कहीं तार गिर जा रहा है तो कहीं ट्रांसफार्मर जल जा रहे हैं जो बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को प्रदर्शित करता है। इस संदर्भ में भवनाथपुर व्यावसायिक संघ के सदस्यगण सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार से मिलने उनके कार्यालय श्री बंशीधर नगर पहुंचे लेकिन वह अपने कार्यालय से अनुपस्थित थे। भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने मोबाइल के माध्यम से सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार से बात कर भवनाथपुर बाजार क्षेत्र में हो रहे बिजली की परेशानी प्रमुखता से रखी। इस पर दीपक कुमार ने कारवाई करने की बात कही। इसके बाद अनुमंडल कार्यालय बिजली विभाग को आवेदन देकर भवनाथपुर के शहरी फीडर को अलग करने, सभी जर्जर पोल- तार को अतिशीघ्र बदलने, वन विभाग चेक नाका स्थित ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने अथवा बदलने एवं कस्तूरबा विद्यालय ढेकुलिया स्थित जला हुआ ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग रखी। साथ ही कड़े शब्दों में कहा कि अगर यह सभी काम अति शीघ्र नहीं किया गया तो भवनाथपुर व्यवसायिक संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। आपको बताते चलें कि शहरी फीडर अलग करने की मांग पिछले 10 वर्षों से चली आ रही है तथा इससे पूर्व भवनाथपुर बाजार बंद भी किया गया था। इसके बाद अधिकारियों द्वारा शहरी फीडर अलग करना की बात कही गई थी। बावजूद इसके इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी और आए दिन फाल्ट होने की शिकायत मिलती रहती है। मौके पर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, संजय गुप्ता, शंकर गुप्ता, आफताब अंसारी, मुन्नू उपाध्याय मौजूद थे।



# दिव्यांगता जांच शिविर का डीसी ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर अस्पताल में गुरुवार को आयोजित दिव्यांगता जांच शिविर का उपायुक्त शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार एवं उपाधीक्षक डॉ. अवधेश सिंह समेत सभी चिकित्सकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर निर्देश दिए। उपायुक्त कई दिव्यांग लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। दिव्यांग लोगों को उनकी समस्याओं के निष्पादन का आश्वासन दिया। जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दिव्यांगता जांच शिविर के आयोजन के लिए पहले से ही तिथि निर्धारित कर दी गई है। सदर अस्पताल में पांच एवं छह जुलाई को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में 7 एवं 8 जुलाई, ट्रामा सेंटर श्रीबंशीधर नगर में 10 एवं 11 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में 12 एवं 13 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में 14 एवं 15 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझिआंव में 17 एवं 18 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में 19 एवं 20 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में 21 एवं 22 जुलाई 2023 को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक शिविर के पहले दिन दिव्यांग लोगों का आनलाइन पंजीकरण किया जाना है, जबकि दूसरे दिन जांच की जाएगी। मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, जिला मलेरिया पदाधिकारी डा. दिनेश कुमार सिंह, सदर अस्पताल के चिकित्सक डा.राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

**मेराल।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में की गई। इसमें सर्वप्रथम प्रमुख दीपमाला ने अवैध बालू कारोबार एवं आवैध उत्खनन से संबंधित मामला उठाया। इस पर तत्काल थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को रोक लगाने का निर्देश दिया गया। इसी तरह मेराल प्रखंड क्षेत्र दुलदुलवा एवं प्रखंड क्षेत्र के अन्य गांव में काफी पैमाने पर महुआ शराब निर्माण पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ अंचलाधिकारी निकिता बाला, उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, सहायक चिकित्सक डॉक्टर सुशांत कुमार, सहायक हुमायूं कबीर, प्रखंड सहायक सुनील कुमार, रिजवान अख्तर, पीएचडी विभाग के कोऑर्डिनेटर नौशाद खान, पंचायत कोर्डिनेटर रश्मि लाकड़ा, आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, बीटीएम प्रवीन कुमार, गोदाम प्रबंधक सतीश कुमार सिंह, मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार आदि मौजूद थे।

### किसानों के बीच उन्नत किस्म के बीज वितरण

**चिनिया।** ग्राम पंचायत हेताड़कला के कठौतिया गांव में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार के द्वारा झारखंड राज्य जल छाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग योजना के तहत लगभग डेढ़ सौ किसानों के बीच अनुदान पर उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण किया गया। मौके पर किसान विशेश्वर कोरवा, रामस्वरूप कोरवा, पृथ्वी कोरवा, रामसकल कोरवा, श्यामदेव कोरवा इत्यादि ने इस पर खुशी जताई। मौके पर जल छाजन विकास दल के जैनेंद्र कुमार, अंचन अमूल्या तिगा, मृत्युंजय कुमार, जेई राजू रंजन, बीडीसी कलावती कुंवर, अध्यक्ष गुड्डू यादव आदि उपस्थित थे।

### भंडरिया पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**भंडरिया।** भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा के नेतृत्व में भंडरिया गोदरमाना मुख्य मार्ग स्थित सुखीखेती के समीप दुपहिया वाहन की जांच की गई। जांच अभियान में मोटरसाइकिल चालक को हेलमेट लगाने व यातायात के नियम को पालन करने का निर्देश दिया। साथ हीं ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट लगाकर चला रहे मोटरसाइकिल चालकों के गाड़ी नंबर सूचीबद्ध कर आधा दर्जन दो वाहन जब्त किये गये। अभियान में सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो आदि शामिल थे।

### गोष्ठी में किसानों को दी गई विभिन्न जानकारी

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के कधवन ग्राम में गुरुवार को एग्री क्लिनिक सेंटर कार्यान्यवन संस्थान भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर ने महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिट्टी जांच, बीज उपचार, उर्वरक की शुद्धता जांच, फसल रोग हेतु उपचार विधि, खरीफ फसल खेती की जानकारी, जैविक खेती, आधुनिक खेती, उद्यान विभाग की सरकारी योजना-राज्य उद्यान विकास योजना की जानकारी विस्तार से दी। मौके पर सबिता देवी, मायावती देवी, प्रमिला देवी, इंद्रावती देवी, खुशबुन बीबी, अफसाना बीबी, रैतुन बीबी, रेहाना बीबी, जुलेखा बीबी, मोकिमा बीबी, असरून खातुन, शबनम खातुन, फजीलत खातुन, सबीना खातुन आदि उपस्थित थे।

### रांची के धरने में जिले के जनसेवकों ने लिया भाग

**गढ़वा।** झारखंड राज्य जन सेवक संघ के प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर नेपाल हाउस रांची के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम में गुरुवार को गढ़वा जिले के जनसेवकों ने भाग लिया। रोस्टर के अनुसार गढ़वा, पलामू, लातेहार, गुमला एवं लोहरदगा जिले के लगभग 400 जनसेवकों ने धरना कार्यक्रम में उपस्थित होकर सरकार एवं विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि हड़ताल के 59 दिन हो गए हैं और सरकार अथवा विभाग के द्वारा कोई भी औपचारिक वार्ता संघ के पदाधिकारियों के साथ नहीं किया जाना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। मौके पर गढ़वा जिला जन सेवक संघ के अध्यक्ष शाहिद अंसारी, परमानंद प्रसाद, अजीत कुमार सिंह, ज्ञान केसरी, भागीरथी रवि, श्रीकांत उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह, प्रवीण दुबे, पंकज कुमार तिवारी, कमलेश करवा आदि जनसेवक उपस्थित थे।

### शिव मंदिर में किया गया रुद्राभिषेक व हवन

**मेराल।** पवित्र श्रावण मास के दूसरे दिन मेराल देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रखंड मुख्यालय के सरस्वतीया नदी छठ घाट स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया। पुरोहित पंडित दिनेश पाठक एवं कमलेश बैद्य के द्वारा रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अनुष्ठान में मुखिया रामसागर महतो, प्रेमचंद प्रसाद, अंबिका यादव, राजेंद्र प्रसाद, समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना राम, विनोद प्रसाद, वासुदेव शर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, महावीर मंडली के महंत मिथिलेश प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मनोज कुमार जायसवाल, देवेंद्र शर्मा, राज बिहारी पटवा, रामजी ठाकुर, सोहराई प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, देव कुमार जायसवाल, प्रमोद महाजन, सुनील कुमार कालिया, राहुल कुमार मल्होत्रा, सत्यम कुमार मल्होत्रा, अर्पित मल्होत्रा, बिरझन राम सहित महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।

### शिक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**मेराल।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ जिला गढ़वा के तत्वावधान में दिवंगत शिक्षक एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के जिला संयुक्त सचिव सुर्यदेव राम के आकस्मिक निधन पर संघ के अध्यक्ष रघुराई राम की अध्यक्षता में अशोक विहार गढ़वा स्थित सूर्यदेव राम के आवास पर श्रंद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रंद्धांजलि सभा में शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। विदित हो कि विगत 3 जुलाई 2023 को हृदय गति रुक से सूर्य देव राम आकस्मिक मृत्यु हो गई। सुर्यदेव राम मध्य विद्यालय मदगड़ी में पदस्थापित थे। श्रद्धांजलि सभा में शिक्षक नेता अशर्फी राम, बृजकिशोर राम, कमलेश पासवान, श्रवण राम, विनोद राम, राम भरत, राजदेव राम, बालगोविंद भगत, जगरनाथ राम आदि उपस्थित रहे।

# शोभा व खुशबू ने राइफल शूटिंग में जीता स्वर्ण पदक



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**

रांची के टिकेत उमराव शूटिंग रेंज में आयोजित चार दिवसीय 13 स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप में गिद्धौर प्रखंड के पांडेयबागी गांव निवासी राधेश्याम रविदास के दो पुत्री ने भाग लिया। इसमं छोटी पुत्री शोभा रानी 50 मीटर राइफल प्रोन पोजीशन में गोल्ड मेडल जीती। जबकि बड़ी पुत्री खुशबू रानी ने भी 50 मीटर राइफल प्रोन पोजीशन में गोल्ड मेडल जीता है। शोभा रानी लगातार चार वर्ष से स्टेट चैंपियन बन चुकी है। बताया जाता है कि शोभा राष्ट्रीय लेवल की राइफल शूटिंग खिलाड़ी है तथा जिला एवं राज्य के लिए कई मेडल जीत चुकी है। वहीं शोभा और खुशबू आकाश शूंटिंग स्पोर्ट्स क्लब हजारीबाग में प्रशिक्षण ले रही है। दोनों बहनों का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर मेडल जीतकर अपने जिले, राज्य एवं देश का नाम रोशन करना है। दोनों बहनों की इस कामयाबी के लिए गिद्धौर प्रखंड के निवासी एवं माता-पिता और शूटिंग क्लब के कोच आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ इस बच्चियों के उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# चंदवा प्रीमियर नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट 12 से

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के हाई स्कूल खेल स्टेडियम में यूथ क्लब के सौजन्य से 12 जुलाई से 19 जुलाई तक आठ दिवसीय चंदवा प्रीमियर नॉकआउट फुटबॉल मैच टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसके संबंध में यूथ क्लब के इरशाद मुन्ना ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय खेल स्टेडियम में फुटबॉल मैच का रोमांच आठ दिन तक खेल प्रेमियों को देखने को मिलेगा। यह टूर्नामेंट 12 जुलाई से 19 जुलाई तक चलेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अब तक कई टीमें एंट्री ले चुके हैं। टूर्नामेंट में जो भी टीमें भाग लेना चाहते हैं। वे दिये गए नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। टूर्नामेंट को भव्य और सफल बनाने व इसमें भाग लेने वाले टीम के सदस्यों को बेहतर सुविधाएं



उपलब्ध कराने को लेकर यूथ क्लब के सदस्य पूरी मेहनत कर रहे हैं। प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को दस हजार रुपये नगद समेत विशाल खस्सी, मेडल, ट्रॉफी, ड्रेस, द्वितीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रुपये नकद खस्सी, मेडल, ड्रेस, तृतीय पुरुस्कार पाने वाले टीम को तीन हजार रुपये नकद, हीरो खस्सी, ट्रॉफी, ड्रेस से पृस्कृत किया जायेगा। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

**इन जगहों पर ले सकते हैं इंट्री :** टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमें मेन रोड के सुभाष चौक स्थित टाइम सेंटर,इंदिरा गांधी चौक स्थित दीपक इलेक्ट्रॉनिक में 1801 रुपये जमा कर अपना इंट्री करा सकते हैं या फिर यूथ क्लब के इरशाद मुन्ना 7739966274, 7011360842, सुमित लकड़ा 8235540964, बाबूलाल उरांव 7294918138, पर देशी गंझु 6205315567,हर्षित भेंगरा 6202086824, टिंकू 9113112350, मनरखा नायक 8809975416 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सिक्योरिटी गार्ड को भारी पड़ता देख स्क्रैप लदे वाहन छोड़ भागे चोर

# बंद पड़े अभिजीत ग्रुप प्लांट में चल रहा चोर-पुलिस का खेल





**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के चकला बाना स्थित वर्षों से बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से हमेशा लोहा चोरी होने की घटना प्रकाश में आती रहती है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्लांट एरिया में चोर पुलिस का खेल चल रहा है। चोरों का हौसला इतना बुलंद हैं कि कभी कभी तो सिक्योरिटी गार्ड पर ही हमला कर देते हैं।

बुधवार रात भी प्लांट के अंदर भारी संख्या में चोर घुस गये और तीस बंडल फेसिंग वायर, ग्यारह पाइप प्रत्येक पाइप का वजन करीब तीन क्विंटल रहा होगा। बाउंड्री से बाहर ले गये तथा गैस कटर की सहायता से पाइप को काटकर पीकअप वाहन में लोड कर लिया लेकिन सुरक्षा गार्डों के दबिश के कारण उसे ले नहीं पाये चोरों को मजबूरन लोड गाड़ी समेत अपने अन्य सामान को छोड़कर भागना पड़ा। उक्त घटना की जानकारी फोन पर देते हुए कंपनी अभिरक्षक बीसी साहू ने बताया की पूरी रात चोरों को भगाने का अभियान चला। बीती रात लगभग आठ बजे सैकड़ों की संख्या में लोहा चोर ने प्लांट एरिया में घुसने का प्रयास किया जिसे कंपनी के सुरक्षा गार्डों और पुलिस बल की दबिश से भागना पड़ा। इसके बाद आधी रात को चोरों ने पुनः प्लांट में प्रवेश करने का प्रयास किया पर सुरक्षा गार्डों के दबिश ने पुनः उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया।

रात लगभग 2:30 बजे चोरों के गिरोह ने जवानों पर भारी मात्रा में पथराव करते हुए अंदर घुसे और फेंसिंग वायर और पाइप को प्लांट से बाहर निकाल कर कटिंग कर पिकअप वाहन में लोड कर लिया। पर जवानों की बढ़ती दबिश की वजह से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया और सारे सामानों को छोड़कर भागना पड़ा। प्लांट के सिक्यूरिटी गार्ड और पुलिस के जवानों ने एक पिकअप वाहन, सात पाइप, गैस सिलेंडर को जब्त कर प्लांट की बाउंड्री के अंदर ले आए। पूरी प्रक्रिया के दौरान कंपनी अभिरक्षक बीसी साहु मौजूद रहे। चोरों के द्वारा पत्थराव किये जाने से खेत में लगे फसल को भी नुकसान पहुंचा है। इससे नाराज होकर फसल मालिक ने चोरों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# रेलवे साइडिंग निर्माण के प्रयासों को रोकने की मांग

### विधायक ने इस संबंध में उपायुक्त को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा थाना क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर वनाधिकार समिति से अनापत्ति प्रस्ताव लेने हेतु पिछले कई अनिर्णायक प्रयासों व ग्रामीणों को लेकर पक्षकारों द्वारा व्याप्त समर्थन व विरोध के तमाम अटकलों के बीच सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने उपायुक्त को पत्र लिखा है। जिसमें बताया गया है कि आम्रपाली कोल परियोजना द्वारा ग्राम सेरनदाग में फर्जी तरीके से कोल बेरिंग एक्ट (सीबीए 1957) के तहत बगैर ग्रामसभा व किसी पूर्व सूचना के भूमि अधिग्रहण हेतु सेक्शन 4,7,8,9,12 लगा दिया गया, जबकि सेरनदाग में तो कोयला हीं नहीं है । वहीं अंचल कार्यालय ने पत्रांक 614 के माध्यम से सेरनदाग में 18 मई 2023 को बगैर बैठक कराए फर्जी तरीके से पर्यवेक्षकों समेत स्थानीय मुखिया, वनाधिकार समिति व ग्रामीणों के हस्ताक्षरित फर्जी अनापत्ति प्रस्ताव का दस्तावेज तक तैयार कर लिया गया। जिसकी शिकायत तमाम संबंधित उच्चाधिकारियों को करने के बावजूद भी अबतक समुचित कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं ग्रामीणों द्वारा प्रस्तावित ग्राम सभाओं का तीखा विरोध जारी है फिर भी अंचल कार्यालय ने ताबड़तोड़ पत्र जारी कर ग्रामीणों को विभिन्न लोगों द्वारा भ्रमित, दबाव, प्रलोभन एवं धमकी तक दी जा रही है। दिए गए पत्र में आगे जिक्र है कि सीसीएल के असंतोषजनक भूमि अधिग्रहण नीति के खिलाफ हाईकोर्ट में ग्रामीणों की ओर से एक याचिका फिलवक्त विचाराधीन है।

# ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार दुकानदार भेजा गया जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक में संचालित बाबा पान दुकान से ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार दुकानदार को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि बाबा पान दुकान में अंचलाअधिकारी जय शंकर पाठक के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने 14 ग्राम ब्राउन शुगर, 38690 रुपया नगद, एक मोबाइल, माप तौल की मशीन जब्त की थी। संजय पांडेय के अलावा दो अन्य लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वहीं गिरफ्तार दुकान संचालक संजय पांडेय को न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त

### डुरूआ में दो दिन बाधित रहेगी पेयजलापूर्ति

लातेहार। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार के डुरूआ बस्ती में अगले दो दिनों तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर पंचायत के कनीय अभियंता संदीप बेदिया ने इसकी जानकारी दी है। संदीप बेदिया ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मियों ने पोल गाड़ने के दौरान शहरी जलापूर्ति योजना की पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसकी वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन को दुरूस्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लेकिन इसे दुरूस्त करने में कम से कम दो दिन का समय लगेगा।

### बाल व महिला व्यापार पर किया नुक्कड़ नाटक

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुरुवार को जन विकास हजारीबाग द्वारा मानव तस्करी रोकथाम कार्यक्रम के तहत पत्थलगड़ा प्रखण्ड के सिंघानी, नोनगांव, बरवाडीह, दुम्बी, मेराल, मेरमगड़ा आदि गांवों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीणों को बाल मजदूरी, बाल विवाह व अन्य सामाजिक मुद्दे पर जागरूक किया गया। साथ ही आग्रह किया कि बच्चे जब संकट में हो, बच्चों का शोषण हो रहा है, बच्चे गुम हो गए हो, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चे का ट्रैफिकिंग हो, महिला हिंसा, मानव तस्करी हो तो टोल फ्री नम्बर 1098 पर कॉल कर जानकारी दे। आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा। नुक्कड़ नाटक में कलाकार रीम अमजद अली, पूजा कुमारी, संजय कुमार, एनिमेटर नरेश भारती शामिल थे।

### 20 सूत्री समिति की बैठक में मनरेगा रही चर्चा में

**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार यादव व संचालन बीडीओ मोनी कुमारी ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों पर लाभुकों के बीच कम आनाज वितरण करने का मामला सामने आया। मनरेगा द्वारा संचालित टीसीबी, डोभा, कूप निर्माण इत्यादि योजनाओं में अनियमितता बरतें जाने का मामला उठाया गया। साथ ही कर्मियों से मनरेगा से संबंधित दो दिनों के अंदर सूची मांगी गई। 20 सूत्री अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए कार्यों में सुधार के साथ तेजी लाने का निर्देश दिया। पेयजल विभाग के कनीय अभियंता को प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े चापाकल को यथाशीघ्र ठीक करने व घर-घर नल-जल योजना के किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा योजना में गड़बड़ी कि शिकायत पर 20 जांच टीम का गठन किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष जितेंद्र दांगी, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अरविंद ठाकुर, 20 सूत्री सदस्य राजकिशोर तिवारी, बैजनाथ यादव, सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।

### सीसीएल के अध्यक्ष ने किया टंडवा का दौरा

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध (तकनीकी) निदेशक डॉ. बी वीरा रेड्डी ने टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त व मगध-संघमित्रा क्षेत्र में संचालित खनन क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान मगध परियोजना में अधिकारियों के साथ उन्होंने समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ समेत जीएम (संचालन) एसके झा, अमला अधिकारी (खनन) नवीन कुमार, परियोजना पदाधिकारी एस.सत्यनारायण, खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम एवं आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में जीएम अमरेश सिंह, देवेंद्र कुमार, सुधांशु शर्मा आदि मौजूद थे।

### वारंटियों के घरों में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 265/22 के मामले को लेकर फरार तीन अभियुक्तों जावल अंसारी पिता मोहम्मद खलील, परवेज अंसारी पिता मन्नान अंसारी, मोहम्मद इमरोज पिता मोहम्मद नौशाद आलम के घर जाकर पुलिस ने ग्रामीणों व घरवालों के सामने स्थानीय थाना या न्यायालय में 25 जुलाई से पूर्व आत्मसमर्पण करने हेतु इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान आरोपियों द्वारा आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई किए जाने की हिदायत दी गई है।

### भाजपा ने चलाया आजीवन सदस्यता अभियान

**महुआडांड़।** प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती इलाका में भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भ्रमण कर आजीवन सदस्यता निधि धन संग्रह कार्यक्रम चलाया। इसमें प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मुकेश पांडेय, जिला के सम्मानित उपाध्यक्ष राकेश दुबे एवं भानू प्रसाद शामिल रहे। जिला मंत्री सह महुआडांड मंडल के प्रभारी धरू कुमार पांडेय, मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल प्रसाद, महामंत्री सुनील जायसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, आई टी सेल प्रभारी प्रशांत सिंह के संयुक्त नेतृत्व में मंडल से 35 लोगों की सदस्यता करायी गयी।

### पर्यावरण की रक्षा सबसे जरूरी : कुणाल

**बरवाडीह।** सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई स्थित डी कंपनी के कमांडर कुणाल यादव के नेतृत्व में कैंप परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर यादव ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा के लिए पर्यावरण की रक्षा जरूरी है और पर्यावरण की रक्षा तभी संभव है जब हम अपने आसपास अधिक से अधिक फलदार और छायादार वृक्ष लगाने का काम करेंगे साथ साथ ही बचाने का भी प्रयास किया जाएगा। मौके पर सीआरपीएफ के मुंशी सिंह, मुकेश मांझी, माला बैठा, रविशंकर मिश्रा, अशोक सिंह, मुन्ना सिंह, विक्रम सिंह, संजय भंडारी, राजकुमार आदि शामिल थे।

### बीडीओ ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया

**बारियातु।** बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे आम बागवानी कार्य स्थल पैसरा व उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिबला का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मिन्यु के आधार पर छात्रों को मध्याह्न भोजन नहीं मिलने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर विद्यालय पहुंच कर निरीक्षण किया। मेन्यू के आधार पर भोजन नहीं बना था। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से बात करने की बात कही।

# बाइक ने साहु बस मालिक को मारा धक्का, रिम्स रेफर

### चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप घटी घटना

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के बीच गैरेज लेन के समीप चंदवा निवासी साहु बस के मालिक भुवनेश्वर प्रसाद को एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साहू सड़क पर ही गिर गए। घटना में उनके सिर पर गहरी चोट लगी है। आनन फानन में स्थानीय लोग उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। जंहा उनकी गंभीरता को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भुवनेश्वर प्रसाद अपनी बाइक से इंदिरा गांधी चौक से शहर की ओर जा रहे थे इसी बीच गैरेज लेन के समीप गाड़ी को धीमा



किया ही था कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक चला रहे युवक को मामूली चोटें आईं है।

# डीसी ने लिया सदर अस्पताल की व्यवस्था का जायजा, दिए निर्देश

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को सदर अस्पताल के सभा कक्ष में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चाइल्ड वार्ड व ट्रॉमा सेंटर के निर्माण सम्बंधित सभी तकनीकी विशिष्टयों की समीक्षा हेतु बैठक की गई। मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के निर्माण पर चर्चा करते ऑपरेशन थिएटर के विद्युतीकरण, अग्निशमन व्यवस्था, लिफ्ट व्यवस्था, उपयोग में लाये जाने वाले उपकरण व अन्य अनिवार्य विशिष्टियों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चाइल्ड वार्ड व ट्रॉमा सेंटर के निर्माण सम्बंधित सभी अनिवार्य तकनीकी बिंदुओ पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और सभी सुरक्षा मानकों समेत अन्य मानकों का पालन करना सुनिश्चित किया जाए।

# डिग्री न लाइसेंस, एक्सरे मशीन रख इलाज कर रहा था झोलाछाप डॉक्टर

### सीएचसी प्रभारी ने की क्लिनिक की जांच, कई गड़बड़ी पायी गयी

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुरेश राम ने गुरुवार को बारियातु फुलसु रोड स्थित ब्लॉक के समीप संचालित निजी पल्वी एक्सरे एंड क्लिनिक की जांच की। इस दौरान कई स्तर पर गड़बड़ी पाई गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुरेश राम ने बताया कि उप प्रमुख निशा शहादेव की ओर से उप मुखिया रिकशोना देवी व ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन प्राप्त हुआ है। इसके माध्यम से कहा गया है कि प्रखंड कार्यालय के समीप पल्वी एक्सरे नामक एक क्लिनिक डॉक्टर प्रदीप कुमार द्वारा संचालित है, जहां किसी भी छोटी-मोटी बीमारी सर्दी, बुखार, में स्वयं खून, पेशाब जांच कर



फर्जी रिपोर्ट तैयार कर 18 सौ से दो हजार रुपये एवं हाथ-पांव में हल्की चोट लगने पर एक्सरे कर प्लास्टर कर लंबी दवा चलाने के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। शिकायत पर जांच की गई। संचालक डॉक्टर प्रदीप से डॉक्टर, लैब, दवा व एक्सरे से संबंधित कागजात मांगे जाने पर किसी भी प्रकार का कोई कागज नहीं प्रस्तुत किया गया। इस पर तत्काल क्लिनिक को बंद करते हुए पांच दिन के अंदर बालूमाथ सीएचसी कार्यालय में कागजात पेश करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा कि अवैध रूप से क्लिनिक चलाने वालों को बख्श नहीं जाएगा। पल्वी एक्सरे एवं क्लिनिक में नियम - कानून को ताख पर रखकर बिना डॉक्टर के ही महिला, पुरुष एवं शिशुओं का इलाज किया जाता है।

### समस्या | प्रमुख ने कहा, अधिकारियों को किया है सूचित

# कीचड़ में चलने को मजबूर स्कूली बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

अंम्वाटोली पंचायत अंतर्गत बरटोली रोड के गुरगूटोली मोड़ (अमजद अहमद के घर स्थित) से संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय महुआडांड़ के गेट तक लगभग 500 मीटर सड़क में साल भर कीचड़ पसरा रहता है, क्योकि आस-पास के घरों से नाली का गंदा पानी बहता है।

इसी सड़क से रोज सैकड़ो छात्र-छात्राएं स्कूल आते जाते हैं। साथ ही गुरगुटोली, शांतिपूर, जरहाटोली, पुटरूगीं इन गांवो के ग्रामीणों का आवागमन इसी रास्ते से होता है। बरसात में रोड की स्थिति और खराब हो जाती है। छोटे बच्चों को स्कूल पैदल छोड़ने व लेने जाने वाली महिलाओं के लिए रोज दिन में दो बार सड़क से गुजरना एक बड़ी मुसीबत है। हमेशा नाली का पानी



जमा रहने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों से बैलेंस बिगड़ने के कारण साइकिल से स्कूल आने वाले छात्र आए दिन गिरते रहते हैं। महुआडांड़ उप प्रमुख अभय मिंज ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य बहुत दिनों पहले किया गया है। सड़क काफी जर्जर हो गई है। यह बात संज्ञान में आया है। सड़क को बनना बहुत जरूरी है। इस संबंध में महुआडांड़ प्रमुख कंचन कुजूर ने कहा कि शिकायत मिली है। सड़क नहीं बनने से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर मैं गंभीर हूं। इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को सूचित किया गया है। कोशिश रहेगी जल्द समस्या का समाधान हो।

# नचिकेता बाग ने क्लियर की सीए फाइनल परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार के रहने वाले व्यवसायी आशीष कुमार बाग के बेटे नचिकेता ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेड ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित सीए की फाइनल परीक्षा क्लियर कर ली है। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर व संत जेवियर एकेडमी, लातेहार से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने वाले नचिकेता ने न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि अपने शहर का भी नाम रौशन किया है। फिलहाल नचिकेता पीएचडी व एफसीए की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय परिजनों के अलावा अपने गुरू व सहपाठियों को दिया है।

बता दें कि इससे पहले नचिकेता ने यूजीसी नेट की परीक्षा में 99.9 प्रतिशत अंक लाया था। पिता ने बताया कि नचिकेता बचपन से ही



कुशाग्र था। जब उसकी उम्र के बच्चे ग्राउंड में खेलते थे तो वह उस समय किताबों में उलझा रहता था। उसकी इस सफलता पर राजेंद्र प्रसाद सिंह, संजय सिन्हा, पत्रकार अजय सिन्हा, अधिवक्ता सुनील कुमार, रंगकर्मी आशीष, बीमा अभिकर्ता बद्री प्रसाद व देवाशीष टैगोर ने बधाई दी है।

# डॉक्टर मुखर्जी की विचारधारा के आधार पर कार्य करती है भाजपा : मनीर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भाजपा जिला कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 122 वी जयंती मनाई गई। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आज हम महान क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 122 वी जयंती मना रहे है।



कहा कि वे वर्ष 1939 में राजनीति में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति का विरोध किया। 1947 में आजादी प्राप्त होने के बाद पहली मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री के रूप में वह शामिल हुए। डॉक्टर मुखर्जी ने चितरंजन में रेल का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाना स्थापित करवाएं। 1950 ईस्वी में भारत की दशा दयनीय थी। इसे देखकर उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और विपक्ष की राजनीति में भाग लिया। उन्होंने कश्मीर में दो झंडे दो निशान का मुखर विरोध किया एवं जम्मू के प्रजा परिषद पार्टी के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर में आंदोलन किया। वे अटल बिहारी बाजपेयी, वैद्य गुरुदत्त, डॉक्टर बर्मन और टेकचंद को लेकर 8 मई 1953 को लेकर जम्मू गए. जम्मू-कश्मीर सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। 40 दिन के अंतराल में उनकी संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई. आज भी भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मुखर्जी की विचारधारा के अनुसार राष्ट्र के लिए काम कर रही है वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश एक झंडे और एक विधान के अनुरूप कार्य करते हुए जम्मू कश्मीर में लागू धारा 370 को हटाने का काम किया।

ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा व्यक्तिवादी पार्टी नहीं है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमेशा हिंदुओं के हित की रक्षा में आवाज उठाई और कश्मीर से धारा 370 हटाने का विरोध किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, श्रीचंद प्रजापति, हर्षनाथ महतो, नीरज नलिन, समेला भगत, सूरज मोहन साहू, अनिल उराव, विनोद राय, भारती सिन्हा, सुरेश बैठा, अजय पंकज, लक्ष्मी भगत आदि शामिल थे।

## भाजपाइयों ने मनाई डॉ. मुखर्जी की 122वीं जयंती



**कुडु।** मंडल भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती मनाई गई। मौके पर मुख्य रूप से बूथ सशक्तिकरण की जिला प्रभारी सह मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर उपस्थित रहीं। मौके पर राजेश प्रसाद, अमित कुमार बंटू, राजू रजक, शशी कुमार, कृष्णा मोदी, अरुण साहू उपस्थित रहे।

## देश के महापुरुषों में एक थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी : लखन उरांव



**कैरो।** भाजपा ने मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122 वीं जयंती मनायी। उरांव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी देश के महापुरुषों में एक थे। मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल की पुस्तक सेवानिवृत्त सैनिक धनंजय राम वर्मा को भेंट की गई। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सद्स्य विशेश्वर प्रसाद दीन, राजेंद्र महतो, अनुसूचित जनजाति प्रदेश सदस्य बजरंग उरांव, प्रखंड महामंत्री मनोज साहू, मंत्री शिवचरण तुरी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, एसी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष विनोद रविदास, ओम सोनी, कृष्णा महतो आदि उपस्थित थे।

# वज्रपात की चपेट में आने से अधेड़ महिला जख्मी



### बकरी चराने गई हुई थी कि अचानक मौसम खराब हुआ तो घर आ रही थी, इसी दौरान हुई घटना

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड अंतर्गत अरू पंचायत के कल्हेपाट डीपा टोली स्थित खेत में कार्य करने के दौरान डीपा टोली निवासी स्वर्गीय हौआ महतो की 58 वर्षीय पत्नी रुक्मणि देवी वज्रपात से घायल हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही ग्रामीणों के सहयोग से सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ. अनुज रौशन की निगरानी में प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वहीं घायल अधेड़ महिला रुक्मणि देवी के पुत्र कमलेश यादव ने बताया कि मेरी मां बकरी चराने गई हुई थी कि अचानक मौसम खराब हुआ तो घर आ रही थी। उसी दौरान हल्की बारिश के साथ तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ जिसके चपेट में आने से घायल हो गई। वहीं डॉ. अनुज रौशन ने इलाज के पश्चात खतरा से बाहर होने की बात बताते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया।

### वन विभाग व बगड़ू पुलिस की संयुक्त कारवाई में मिली सफलता

# दो चौपहल व 25 चौखट जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र के बॉर्डर में अवैध रूप से धड़ल्ले से जंगल कटाई का कार्य बड़े पैमाने पर सुदुर्वर्ती पहाड़ी क्षेत्र में जारी है। वहीं पेड़ कटाई कर चरहु में साल का बोटा चिराई किए जाने की गुप्त सूचना वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को प्राप्त हुआ था। इसके आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए टीम गठित कर पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल से चरहु गांव में वन विभाग की टीम और बगडू थाना प्रभारी द्वारा छापेमारी की गई। इसमें 2 पीस साल का चौपहल और लगभग 25 पीस साल का चौखट जब्त किये गये। चौपहल एवं चौखट जब्त करने के पूर्व सरकारी कार्य में किसी व्यक्ति के इशारे पर महिलाएं टीम के साथ उलझ गई और छापेमारी में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया। वन विभाग की टीम ने इसकी सूचना डीएफओ अरविंद कुमार को दी। साथ ही बगड़ू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा भी दलबल के साथ मौजूद थे। उनके लाख समझाने के



बावजूद कारवाई पर रोक लगाने का प्रयास किया गया, परंतु पुलिस प्रशासन सभी को चिन्हित करते हुए इमारती लकड़ी को जब्त करने में सफलता प्राप्त की। साथ ही जिसके इशारे पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य जिन लोगों द्वारा किया गया है उसके विरुद्ध करवाई की जायेगी। बताया जाता है कि चरहु ग्राम में मंसूर अंसारी के घर के बाहर साल के बोटा का चिराई काम चल रहा था। कुछ चौखट घर के अंदर रूम में बंद कर रखा गया था। इसको जब्त करने के लिए घर का ताला खोलने के लिए बोला गया तो प्रशासन से लोग उलझ गए। फिलहाल मंसूर अंसारी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 के धारा 33 एवं 42 के तहत कारवाई की जाएगी। इसके अलावे उन सभी पर भी कारवाई की जाएगी जो प्रशासनिक कारवाई में ग्रामीणों द्वारा रेड को रोकने तथा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी और थाना प्रभारी की सूझ-बूझ एवं कड़ी मशक्कत के बाद सफलता पूर्वक मंसूर अंसारी के घर से अवैध साल लकड़ी को बरामद किया गया। छापेमारी टीम में रेंजर अरुण कुमार, वनपाल जाया उरांव, वनरक्षी रवि विमल मिंज, रमेश भगत, गौतम राम, किशोर नंद कुमार, प्रदीप साहू, सुमित लकड़ा तथा बगडू थाना प्रभारी पंकज शर्मा, महिला पुलिस बल, मोटरसाइकिल दस्ता सहित होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# 'विधायक व डीसी करें जिप के गतिरोध पर हस्तक्षेप'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला परिषद लोहरदगा में भ्रष्टाचार हावी होने की बात जिला परिषद अध्यक्ष लोहरदगा के द्वारा कहे जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद् उपाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि जिला परिषद कार्यपालिका की एक सशक्त बॉडी है जो पंचायती राज्य व्यवस्था को स्थापित करने के लिए कार्य करती है। इससे ग्राम कस्बा से जुड़े अंतिम व्यक्तियों को कैसे योजनाओं का लाभ पहुंचे इसे लेकर चिंतन करती है। उनकी आवाज को उचित स्थान पर रखते हैं परंतु वही लोहरदगा जिला जहां की सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य कर रहे कांग्रेस के विधायक सरकार के मंत्री भी हैं और वर्तमान कांग्रेस कार्यकर्ता ही जिला परिषद अध्यक्ष हैं जो कि वर्तमान में किस प्रकार से बिचौलियों के इशारे पर जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर धड़ल्ले से दलालों की गिरफ्त में दफ्तर चलने की बात कही है। इससे बड़ी शर्मनाक बात किसी भी सरकार के लिए हो ही नहीं सकती है। जिला परिषद में जनता के द्वारा चुने गए जिला



परिषद के सदस्य हैं। जनप्रतिनिधि की आवाज की उपेक्षा करते हुए मनमानी करना जनता के मत को उपेक्षा करने जैसा है और इस लोकतात्रिक की व्यवस्था का उपहास कांग्रेस की सरकार में हो सकती है। यह इससे प्रमाणित करता है और यह मैं नहीं उन्हीं के पार्टी से जुड़े लोगों ने कही है अखबार मीडिया के माध्यम से बताया है। जब किसी सरकार के अपने जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी भी भ्रष्टाचार बिचौलियों से त्रस्त हो जाए तो आम जनता का क्या होगा। इस मामले को तुरंत स्थानीय विधायक, उपायुक्त व सरकार के मुखिया को संबंधित पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे कि एक जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का मान सम्मान व लोकतांत्रिक व्यवस्था का सम्मान बना रह सके।

# बीडीओ ने कर्मचारियों को दी चेतावनी कर्तव्य पालन में शिथिलता नहीं बरतें


**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने प्रखंड कार्यालय के कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधान सहायक से लेकर सभी प्रखंड कर्मियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने एवं अपने कार्य के प्रति जिम्मेवार बने रहने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड के प्रधान सहायक वीरेंद्र कुमार साहू को कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर फटकार लगाते हुए कहा कि समय के साथ विभागीय कार्यों का निपटारा करते हुए अपने उत्तरदायित्व को निभाए ।साथ ही प्रखंड कार्यालय में विभिन्न विभागों के कार्यरत कर्मियों को समय सीमा के अंदर जनता के कार्यों को निपटारा करने का निर्देश दिया। उन्होंने वृद्धा विधवा एवं विकलांग लाभुकों के पेंशन स्वीकृति पत्र पीपीओ वितरण, आवास



निर्माण कार्य सहित अन्य समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचने वाले ग्रामीणों के कार्य को पूरी प्राथमिकता के साथ करते हुए ग्रामीण समस्याओं के निदान में तत्पर रहने का निर्देश भी दिया। बैठक में उपस्थित प्रखंड के पांच नए कर्मियों से भी कार्यों के प्रति जानकारी लेते हुए बताया कि विभागीय कार्यों के निपटारा के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां कार्यालय सहायक एवं अन्य अधिकारियों से प्राप्त करे। उन्होंने प्रखंड के सभी कर्मियों को निर्धारित अवधि में कार्यालय पहुंचने कार्य निष्पादन की सख्त हिदायत दी। बैठक में जीपीएस शंकर साहू, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, प्रधान सहायक वीरेंद्र साहू, नाजीर अजय नाग, प्रखंड सहायक लुसेन इंदीवार, जहांआरा, राजेश भगत, वीरसाई असुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भटकता मिला बालक लोगों ने थाना को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे स्थित लिप्टस बगान के समीप छोटा बच्चा को देख ग्रामीण महिला उसे अपने साथ बड़का टोली ले गई पर उस बालक का सुराग नहीं मिलने पर उसे थाने को सुपुर्द कर दिया है।



सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे लिप्टस बगान के समीप कोराम्बे बड़का टोली की महिला ने बालक को रोता देख उससे पूछताछ किया परंतु वह बच्चा अपना नाम पता बताने में असमर्थ है। काफी प्रयास के बाद भी भटकता हुआ बच्चा का कोई सुराग नही मिला तो चौकीदार संदीप कुमार के माध्यम से सेन्हा थाना को सुपुर्द किया गया। बताया जाता है कि बच्चा किसी गांव से भटक कर कोराम्बे बगान के समीप पहुंचा जहां खेत में काम करने जा रही महिला को इस बच्चा पर नजर पड़ा तो रोते देख बच्चा को महिला अपने घर ले गई और आसपास के लोगो को सूचना करते हुए पहचान करवाने का प्रयास किया परंतु पहचान नही होने पर सेन्हा थाना को सुपुर्द कर दिया गया।

## घाघरा में चोरों ने स्कूल से उड़ाया मध्याह्न भोजन का चावल

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया में मध्यान भोजन के रखे गए साढ़े चार क्विंटल चावल अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात्रि ताला तोड़ कर चोरी कर लिया है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य युसूफ अंसारी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति गुरुवार को विद्यालय आने की तैयारी कर रहा था तभी मोबाइल से प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय उरांव एवं संयोजिका सोनामती उरांव द्वारा द्वारा बताया गया कि विद्यालय में रखे चावल की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है विद्यालय पहुंचने के बाद देखा गया कि विद्यालय के कमरे का ताला टूटा हुआ है एवं कमरे में रखे साडे 4 क्विंटल चावल सहित चापाकल के पाइप अन्य सामान को चोरों ने चुरा लिया है। घटना की लिखित जानकारी शिक्षा कार्यालय एवं घाघरा थाना को दी गई है।

## संक्षिप्त

### झारखंड जेनरल कामगार यूनियन ने दिया धरना

**घाघरा।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन ने चांदनी चौक घाघरा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यूनियन ने विशुनपुर के कोरकोटपाट निवासी खनन मजदूर गुलशन मुण्डा के आश्रितों को न्याय दिलाने तथा क्षतिपूर्ति के रूप में बीस लाख रुपये मुआवजा की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि खनन कम्पनियां मजदूरों के जान के साथ खिलवाड़ करके अपनी तिजोरियां भरने में लगी हुई है। जिला सचिव सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि पूरे जिले में मेहनतकशों के पक्ष में खड़ा होने का हौसला सिर्फ हमारे लाल झंडे में है। गुलशन मुंडा की मौत के मामले को मंजिल तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। धरना में बिफैया उरांव, बंधु महली, तेतला उरांव, रवि खेरवार , रविनन्दन असुर, भीमशंकर असुर, समीर असुर, मंगलदेव असुर, हरिश्चन्द्र उरांव, तेम्बू उरांव, सुदर्शन भगत, सुखना मुण्डा, सीता राम उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, राजेन्द्र उरांव, सुरेन्द्र उरांव आदि मजदूर शामिल थे।

### 'पर्यावरण को बढ़ावा देने में पौधरोपण जरूरी'

**किस्को।** जिले के बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार की अगुवाई में थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व एवं वन महोत्सव के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, वार्ड सदस्य मीर अजहर उपस्थित थे। मौके पर जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता ने कहा कि लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधा लगाकर पर्यावरण को नुकसान होने बचाएं। वहीं थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु पौधरोपण अति जरूरी है। मौके पर सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजन व बगडू थाना के पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### स्वास्थ विभाग की टीम ने बच्चों की जांच की

**कुडू।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को प्रखंड के राजकीय बुनियादी विधालय कुडू एवं केजीबीजी कैरो में शिविर लगाकर अध्यनरत बच्चों के हिमोग्लोबिन की जांच की। बुनियादी विद्यालय में डॉ ज्ञानचंद पांडेय एवं केजीबीजी में डॉ दीपनेश्वर चौधरी और उनके साथ गयी टीम के द्वारा बच्चों की जांच की गई। बीपीएम सरोजिनी केरकेट्टा ने बताया कि बच्चों को विश्व जूनोसिस दिवस और जूनोटिक रोग और रोकथाम की जानकारी दी गयी। मौके पर एएनएम, विद्यालय के शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

### जीवनांक संबंधी कार्यशाला का आयोजन

**कुडू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय जीवनांक संबंधी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमे बीईओ जयमंगल लोहार, सीडीपीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो, प्रखंड प्रमुख मुनि देवी, उपप्रमुख एनुल अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी के अलावा पंचायत के मुखिया, उप मुखिया, स्कूलों के प्रधानाध्यापक, आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया और एएनएम उपस्थित रहीं। मौके पर जन्म मृत्यु निबंधन को शतप्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने एवं लाभूक को ससमय प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा के साथ जन्म-मृत्यु निबंधन का सीआरएस पोर्टल एवं झारखंड जन्म और रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2009 अधिसूचना का विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बीडीओ मनोरंजन कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा निबंधन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 14 जुलाई से 14 अगस्त तक कोविड-19 अवधि के दौरान छुटे हुए व अन्य घटनाओं के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### तैयारी | आकांक्षी जिला के केंद्रीय प्रभारी आज आएंगे लोहरदगा

# डीसी ने की अधिकारियों संग बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार का लोहरदगा जिला का भ्रमण कार्यक्रम 7 जुलाई निर्धारित है। इसे लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित बिंदुओं की समीक्षा समाहरणालय सभागार में की गई।




बैठक में कृषि व जल संसाधन, स्वास्थ्य, पोषण, वित्तीय इनक्लूजन, पेयजल, स्वच्छता, मूलभूत संरचना, समाजिक विकास और शिक्षा अंतर्गत कुल 33 बिंदुओं की समीक्षा की गई। इसमें निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर निदेश दिये गये। इसमें एफपीओ का गठन की स्थिति, मृदा परीक्षण केंद्र, मृदा कार्ड की स्थिति, पीएम किसान योजना, पशु टीकाकरण, स्वास्थ्य अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व परीक्षण, गर्भवती महिलाओं को पोषाहार आपूर्ति की स्थिति, कुपोषित बच्चों की स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति, बैंक शाखाओं की संख्या, गांवों में बैंक शाखाओं की स्थिति, पेयजल अंतर्गत घरों में पेयजल कनेक्शन की स्थिति, स्वच्छता अंतर्गत ओडीएफ गांवों की स्थिति, ग्राम पंचायत में भारतनेट इंटरनेट कनेक्टिविटी, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति, स्वयं सहायता समूह को कोष उपलब्धता, शिक्षा अंतर्गत प्राईमरी स्कूल से अपर प्राईमरी स्कूल जानेवाले बच्चों की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत सभी विभागों के कार्यालय प्रधान उपस्थित थे।

# डीडीसी ने की पथ निर्माण की समीक्षा, दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में पथ निर्माण की बैठक हुई। बैठक में पथ-प्रमण्डल अंतर्गत भण्डरा-सेन्हा पथ के मजबूतीकरण, ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत सनई-हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुलों की




योजना की स्थिति, नारी-धुवामोड़-सांगोडीह पथ की स्थिति, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की स्थिति, पांच वर्षों से पुरानी ग्रामीण सड़कों की मरम्मति के लिए मिले प्रस्ताव की स्थिति, विधायक की अनुशंसा पर सड़क मरम्मति के प्रस्ताव की स्थिति, भक्सो-रामपुर-ईरगांव पथ की स्थिति, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल अंतर्गत उच्च स्तरीय पुलों की स्थिति, राष्ट्रीय उच्च पथ अंतर्गत कुडू-घाघरा पथ में नाली निर्माण की स्थिति, कड़ाक में भूमि अधिग्रहण की स्थिति, भण्डरा-सेन्हा पथ में भूमि अधिग्रहण की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को दिये गये। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## विदेशी निवेश पाने में भारतीय बाजार तीसरे स्थान पर

# रिटर्न देने में दूसरे नंबर पर पहुंचा भारत




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में विदेशी निवेश पाने के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं, रिटर्न देने में जापान के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय शेयर बाजार में अप्रैल-जून तिमाही में एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा (1,220 करोड़ डॉलर) का विदेशी निवेश आया। पहले स्थान पर काबिज जापान के शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने 6,607 करोड़ डॉलर का निवेश किया। चीन 4,818 करोड़ डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है। इस अवधि में ताइवान के बाजारों में विदेशी निवेशकों ने 327 करोड़ डॉलर, इंडोनेशिया के बाजारों में 64 करोड़ डॉलर व दक्षिण कोरिया में 29 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की स्थिर नीतियों, मजबूत आर्थिक बुनियाद, स्थिर महंगाई दर और अर्थव्यवस्था में निरंतर तेजी को देखते हुए विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले कुछ महीने से भारतीय बाजार में लगातार निवेश कर रहे हैं। दूसरी ओर, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में उच्च महंगाई दर, कम विकास दर, मंदी का खतरा और केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका से लगातार पूंजी निकासी हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, शेयर बाजारों के प्रदर्शन के मामले में भारतीय बाजार दूसरे स्थान पर है। जापान के शेयर बाजार ने इस साल मार्च से जून के बीच 18.4 फीसदी का रिटर्न दिया है। बीएसई सेंसेक्स ने 9.7 फीसदी का रिटर्न दिया है। अमेरिकी बाजारों ने 3.4 फीसदी और दक्षिण कोरिया ने 3.5 फीसदी का मुनाफा दिया है। इंडोनेशिया के शेयर बाजारों ने निवेशकों को 2.1 फीसदी और थाईलैंड के बाजारों ने 6.6 फीसदी का घाटा दिया है। पहली तिमाही में एफआईआई ने अमेरिकी बाजारों से सर्वाधिक 1,531 करोड़ डॉलर की निकासी की। थाईलैंड के बाजारों से 146 करोड़ डॉलर और मलयेशिया से 50 करोड़ डॉलर की निकासी हुई है।

## आयकर विभाग ने 4,900 से अधिक जाली जीएसटी पंजीकरण किया रद्द

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने देशभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 4,900 से अधिक जाली जीएसटी पंजीकरण रद्द किए हैं। इसके अलावा अभियान में ऐसे 17,000 जीएसटीआईएन की पहचान की गई है, जो मौजूद नहीं हैं। एक वरिष्ठ कर अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अभी जीएसटी के तहत करीब 1.40 करोड़ कंपनियां या कारोबार पंजीकृत हैं। जीएसटी लागू होने से पहले पुरानी अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में यह संख्या आधी थी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि फर्जी पंजीकरण के खिलाफ अभियान में चार जुलाई तक फील्ड अधिकारियों ने 69,600 से अधिक जीएसटी पहचान संख्या (जीएसटीआईएन) को भौतिक वेरिफिकेशन के लिए चुना है।

इनमें से 59,000 से अधिक जीएसटीआईएन सत्यापित किए जा चुके हैं और 16,989 मौजूद नहीं हैं। इन 69,600 जीएसटीआईएन में से 11,000 से अधिक जीएसटीआईएन निलंबित कर दिए गए हैं और 4,972 पंजीकरण रद्द किए गए हैं। प्रिय ने उद्योग मंडल एसोचैम के जीएसटी राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि इन मामलों में 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की कर चोरी का पता चला है, करीब 1,506 करोड़ रुपए का इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) ब्लॉक किया गया है और 87 करोड़ रुपए के कर की वसूली हुई है।

# सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में आई गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में गुरुवार के कारोबार में लगभग 5 फीसदी की गिरावट आई। इससे पहले बुधवार के सत्र में भी कंपनी के शेयरों में 5% तक की गिरावट थी। बता दें कि फंड जुटाने के लिए कंपनी की बोर्ड बैठक शुक्रवार को होने वाली है। इससे पहले ही दो दिन में यह शेयर करीबन 10% टूट चुका है। कंपनी के शेयर इंट्रा डे ट्रेड में आज 17.15 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। आज शुरूआती कारोबार में बीएसई पर स्टॉक 4.81 फीसदी गिरकर 16.62 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के पहले 30 मिनट के भीतर स्टॉक ने एनएसई पर 200 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया। सुजलॉन एनर्जी ने मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद कहा था कि उसके निदेशक मंडल की शुक्रवार को बैठक होगी जिसमें एक या अधिक या अनुमेय तरीकों के संयोजन के माध्यम से पूंजी जुटाने पर विचार किया जाएगा और अप्रूवल दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कंपनी बोर्ड शेयरधारकों की मंजूरी भी मांगेगा। सुजलॉन ग्रुप दुनिया के प्रमुख रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स में से एक है। इसकी 17 देशों में 20 गीगावॉट विंड एनर्जी इंस्टॉल कैपासिटी है। 13.9 गीगावॉट विंड एनर्जी एसेट्स के सबसे बड़े सर्विस पोर्टफोलियो के साथ सुजलॉन भारत की नंबर वन विंड सर्विस कंपनी है। समूह की भारत के बाहर 5.9 गीगावॉट इंस्टॉल कैपासिटी है।

## आरबीआई ने डेबिट, क्रेडिट कार्ड नेटवर्क पर जारी करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डेबिट, क्रेडिट और प्रीपेड कार्ड जारी करने पर एक ड्राफ्ट सर्कुलर जारी किया, जिसमें निर्देश दिया गया कि कार्ड जारीकर्ता एक से अधिक कार्ड नेटवर्क पर कार्ड जारी करेंगे। ग्राहकों के लिए एकाधिक कार्ड नेटवर्क में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। डेबिट, क्रेडिट और प्रीपेड कार्ड जारी करने के लिए कार्ड नेटवर्क के साथ व्यवस्था पर परिपत्र में केंद्रीय बैंक ने कहा कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ता यानी बैंकों और गैर-बैंकों के बीच मौजूदा व्यवस्था ग्राहकों के लिए अनुकूल नहीं है। इसके अलावा, आरबीआई ने कहा कि कार्ड जारीकताओं को कार्ड नेटवर्क के साथ कोई ऐसी व्यवस्था या समझौता नहीं करना चाहिए जो उन्हें अन्य कार्ड नेटवर्क की सेवाओं का लाभ उठाने से रोकता हो। इसमें आगे कहा गया है कि कार्ड जारीकर्ता और कार्ड नेटवर्क यह सुनिश्चित करेंगे कि वे संशोधन या नवीनीकरण के समय मौजूदा समझौतों का पालन करेंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या – 03/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 03.06.2023 जो PR 299153 Rural Work Department (23-24).D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, में दिनांक 26.06.2023 तक प्राप्त निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 301636 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।
**शुद्धि पत्र**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा संख्या–14/2023–24 प्रकाशित करायी गयी थी जिसका PR. No 301045 Rural Development (23-24)D है। उक्त निविदा में निम्नांकित शर्त संशोधित किया गया है।

1. उक्त निविदा में जिला परिषद्, लातेहार/R.W.D/R.C.D जो झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ही ले सकेगें।
2. निविदा के ग्रुप संख्या–04 में अंकित योजना हेतु परिमाण विपत्र की राशि 10,000.00 (दस हजार) के स्थान पर 5,000.00 (पांच हजार) समझा जाय।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR 301521 Rural Development(23-24)D

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा
### (अतिअल्पकालीन पुनःनिविदा आमंत्रण सूचना सं०-11, वर्ष 2023–24)

**सूचना**

जिला योजना पदाधिकारी चतरा के पत्रांक 25/जि०यो०, दिनांक 31.01.2023 के आलोक में जिला अनाबद्ध निधि अन्तर्गत अधोलिखित सारणी में वर्णित कार्यों का Rate Quotation की आवश्यकता है।

| क्र | कार्य का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | सदर प्रखण्ड में जलछाजन भवन चतरा में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। | |
| 2 | बैडमिंटन कॉम्पलेक्स, चतरा में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। | |
| 3 | गोपनीय शाखा (उपायुक्त चतरा) में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। | |

अतएव ऊपर वर्णित परिप्रेक्ष्य के आलोक में उपरोक्त सभी कार्यों का अपना Rate quotation दिनांक 14/07/2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, चतरा

PR 301601 District (23-24)_D

## OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE -CUM- DEPUTY COMMISSIONER, GARHWA
Phone no – 06561-222785 (District Sports Section)
Email Id – sportsdsogarhwa@gmail.com

Ref No :- 21 Date :- 04.07.2023

**Notice Inviting Tender**
**Supply, Installation and Training of Boating Facility at Annaraj Dam, Garhwa.**

| Sl. No. | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | NAME OF WORK | Supply, Installation and Training of Boating Facility at Annaraj Dam, Garhwa. |
| 2 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 05/07/2023 |
| 3 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | 50000.00 (Fifty Thousand only) In favour of DISTRICT SPORTS OFFICER, GARHWA. |
| 4 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 19/07/2023 01:00 PM |
| 5 | BID SUBMISSION PLACE | District Sports Office, Garhwa. |
| 6 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 19/07/2023 01:00 PM |
| 7 | BID OPENING PLACE | Deputy Commissioner, Garhwa. |
| 8 | NAME AND OFFICE FOR INVITIONG TENDER | District Sports Office, Garhwa. |
| 9 | HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS | email id:- sportsdsogarhwa@gmail.com |

NOTE : FOR FURTHER DETAILS PLEASE VISIT www.garhwa.nic.in

**District Sports Officer, Garhwa.** **Deputy Development Commissioner, Garhwa.** **Deputy Commissioner, Garhwa.**

PR 301653 Art Culture Sports and Youth Affairs (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

51वीं औपबंधिक सूची जिलाः–गुमला

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–338/23<br>2. आवेदक–महेश्वर टोप्पो<br>3. पिता–स्व0 धर्मदास टोप्पो<br>4. ग्राम–सिसई पोस्ट–सिसई<br>5. थाना–सिसई प्रखण्ड–सिसई<br>6. लिंग–पुरूष आयु–63 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह– अंकित नहीं | सिसई थाना काण्ड सं0–27/92 जी0आर0 सं0–188/92 | नहीं | कारण :– दिनांक 01.03.1992 से 06.03.1992 तक झारखण्ड बंद एवं आर्थिक नाकेबंदी पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–436 भा0द0वि0 पार्टी का नामः– आजसू | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 301542 (Home)23-24*D

## उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
## (एन0आर0ई0पी0, शाखा)

**पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–08, वर्षः 2023–24**

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक– 13.07.2023 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 4.00 बजे अपराह्न तक।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक– 14.07.2023, 3.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक– 14.07.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड– गारू के पंचायत–धांगर टोला, ग्राम– समोध टोला के दिकदार सिंह के घर के पास पुलिया निर्माण | 1288639.00 | 26000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखण्ड– गारू के पंचायत– बारेसाड़ के ग्राम डेढगांव के टोला झुमरी में डुमर नाला के पास पुलिया निर्माण। | 1274855.00 | 26000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | ग्राम बेन्दी में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण | 1440500.00 | 29000.00 | 2500.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR301621 (District)23-24*D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
## (जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा)

**अति–आवश्यक सूचना**

चतरा जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2021–22 तक कुल 4880 आवास लंबित है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों से समीक्षा क्रम में यह मामला संज्ञान में लाया गया कि लाभुकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का प्रथम/द्वितीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य में विशेष रूची नहीं लिये जाने के कारण चतरा जिला में लंबित आवास ससमय पूर्ण नहीं हो पाया है। इस संबंध में पंचायत एवं प्रखण्ड स्तर पर लाभुकों के साथ बैठक एवं लाभुकों को बार–बार निर्देश के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत लंबित आवासों को पूर्ण नहीं किया गया है, जो खेद का विषय है। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत सभी लंबित आवासों को माह जुलाई, 2023 के अंत तक शतप्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना की किस्त की राशि प्राप्त कर समय सीमा के अंदर आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों के विरूद्ध बाध्य होकर नियमानुसार प्राथमिकी/नीलाम पत्रवाद दायर करने की कार्रवाई की जानी है।

**चतरा जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्ड/पंचायत के वैसे प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभुक पर नियमानुसार नीलाम पत्रवाद/ प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है जो :–**

- प्रथम किस्त की राशि प्राप्त करने के उपरांत 6 माह या उससे अधिक बीत जाने के बावजूद आवास योजना का कार्य प्रारंभ नही कर रहे है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत योजना की राशि दूसरे कार्य में खर्च कर लंबित आवास पूर्ण नही कर रहे है।
- आवास का निर्माण निर्धारित मापदण्ड से बड़ा बनाकर एक वर्ष से अधिक समय से पूर्ण नहीं कर रहें है।
- आवास योजना की राशि प्राप्त कर एक वर्ष से अधिक समय से पूर्ण नहीं कर रहें है एवं आवास योजना की पूर्णता में रूची नहीं ली जा रही है।
- आवास योजना के वैसे लाभुक जो माह जुलाई, 2023 के अंत तक लंबित आवास को पूर्ण नहीं करायेगें।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभुकों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि लंबित आवास का कार्य एक सप्ताह के अन्दर प्रारभ की जाय एवं माह जुलाई, 2023 के अंत तक लंबित आवास पूर्ण की जाय। ससमय लंबित आवास पूर्ण नहीं किये जाने पर नियमानुसार प्राथमिकी/नीलाम पत्रवाद दायर की जायेगी।

उपायुक्त,
चतरा

PR301537 (Rural Development)23-24*D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना।**

एतद द्वारा निम्नांकित प्रखण्डो में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | NR-1, NR-2, NR-3, NR-4, NR-5, NR-6, NR-7, NR-8, NR-9, NR-10, NR-11 | 11 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | NL-1, NL-2, NL-3, NL-4, NL-5, NL-6, NL-7, NL-8, NL-9, NL-10, NL-11, NL-13, NL-14 | 14 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | WS-1, WS -2, WS -3, WS -4, WS -5, WS-6, WS -7, WS -8, WS -9, WS -10, WS-11, WS-12, WS-13, WS-14 | 14 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | S-1, S-2, S-3, S-4, S-5, S-6, S-7, S-8, S-9, S-10, S-11, S-12, S-13, S-14 | 14 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 53 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– | 06.07.2023 से 13.07.2023 |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 3. | आवेदन पत्र का शुल्क :– | 500.00 (पाँच सौ) रूपये मात्र। |
| 4. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– | 06.07.2023 से 14.07.2023 तक |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6. | डाक की तिथि व समय :– | 15.07.2023 को 11:00 बजे अपराह्न |
| 7. | डाक का स्थान :– | Block-C DRDA, समाकक्ष, पलामू। |
| 8. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो |

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:–दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त से संबंधित विस्तृत आम सूचना पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाईल संख्या– 9006083521, 7903556060 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.301529 District(23-24):D

## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

**–: आम सूचना :–**

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा ग्रामीण स्तर पर युवाओ को स्व–नियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके पलायन को रोकने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2023–24 का क्रियान्वयन पलामू जिला में सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, राँची के पत्रांक 10 रा0(वि0) दिनांक 14.06.2023 द्वारा किया जाना है।

पशुपालन प्रभाग की योजनाएँ निम्नवत् है –

| क्रं0 सं0 | योजना का नाम | प्रस्तावित कुल राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01. | बकरा विकास योजना (ब्लैक बंगाल नस्ल का 4 मादा एवं 1 नर की ईकाई (4+1) (10–20 इकाईयों के कलस्टर में) | 24800/– प्रति इकाई | 01. यह कार्यक्रम सभी महिला–पुरूष लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है, जिसमें परिवार की महिलाओं/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निसंतान दम्पति (कम से कम 50 वर्ष उम्र को लक्ष्य अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जाएगा। 02. इस योजना के तहत असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (निका उम्र कम सं कम 50 वर्ष हो के लिए अनुदान के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत तथा अन्य सभी लाभुकों को वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत देय होगा। |
| 02. | सूकर विकास योजना (T&Dएवं अन्य विदेशी नस्ल का 4 मादा एवं 1 नर की ईकाई (4+1) (10–20 इकाईयों के कलस्टर में) | 57800/– प्रति इकाई सूकर गृह का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत किया जाएगा। | |
| 03. | कुक्कुट विकास योजना (1) बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट की योजना Chicks आधारित बैक्यार्ड कुक्कुट पालन की एक इकाई योजना के तहत् 400 लेयर बर्ड का पालन (5 इकाईयों के कलस्टर में) | 118200/– प्रति इकाई (लेयर कुक्कुट शेड का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत किया जाएगा। | |
| 04. | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 ब्रायलर Chicks) (5 इकाईयों के कलस्टर में | 67500/– प्रति इकाई (ब्रायलर कुक्कुट शेड का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत किया जाएगा। | |
| 05. | बत्तख चूजा वितरण की योजना (15 बत्तख चूजा) | 1700/– प्रति इकाई | 01. यह कार्यक्रम सभी महिला–पुरूष लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है, जिसमें मत्स्य पालन कर रहे लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जाएगा। 02. इस योजना के तहत अनुदान वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत अथवा अधिकतम 1530/– रू0 दोनों में से जा कम हो देय होगा। |

**चयन की प्रक्रिया –**

01. लाभुकों का चयन कलस्टर के आधार पर किया जाएगा।
02. जिला में योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय एवं आईटीडीए अंतर्गत गठित शासी निकाय (जहॉ लागू हो) द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा जिला गव्य विकास पदाधिकारी के सहयोग से किया जाएगा।
03. चयनित लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है।
04. चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो तथा चयनित लाभुकों द्वारा इस संबंध में आवासीय प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य है।
05. चयनित लाभुकों में ऐसे परिवार जो पशुधन के गतिविधि से जुडे रहे है, उन्हें प्राथमिकता दिया जाएगा।
06. लाभुकों का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जाना है, तदोपरान्त लाभुकों की सूची प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा से जिला को भेजा जाएगा।
07. प्रखण्ड स्तरीय समिति से प्राप्त लाभुकों की सूची का अंतिम रूप से अनुमोदन उपायुक्त महोदय के अध्यक्षता से जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाना है।
08. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Bank Account मे जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही संबंधित जिला के पदाधिकारी द्वारा अनुदान की राशि लाभुक के खाता में हस्तांतरित करेंगे।
09. विगत पॉच वर्षों में जिन परिवारों द्वारा अनुदान का लाभ ले लिया गया है, उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।

अतः आप सभी इच्छुक किसान एवं पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि उपरोक्त योजनाओं का लाभ हेतु संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से आवेदन फार्म प्राप्त कर आवेदन अच्छी तरह से भरकर संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास जमा करें ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.301548 District(23-24):D

**हो सकता है कि किसी की सुंदरता एक बार के लिए आपका ध्यान खींच ले लेकिन अच्छा स्वभाव ही आपको हमेशा के लिए आकर्षित कर सकता है। - अज्ञात**



# पलामू व अपराध

***झारखण्ड*** के जेलों से अपराधियों का चल रहा खेल अब रोचक मोड़ पर आ गया है। कभी दोस्ती, कभी दुश्मनी और फिर मेल का यह सिलसिला जारी है। राज्य के अलग -अलग जेलों में बंद दो कुख्यात अपराधी गिरोहो के बीच यह खेल चल रहा है। पुलीसिया महकमे से जो खबरें छनकर बाहर आई है, उसमे कहा जा रहा है कि राज्य के दो कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा और अमन साव के गिरोह एक हो गये हैं। इन दोनों गैंगस्टरो को एक साथ करने में पलामू के एक कुख्यात शूटर हरि तिवारी कि खास भूमिका रही है। पलामू जहां अपराध के लिए कुख्यात है,वहीं यहां के अन्नमय कोष की धरती काफी उर्वरा है। यहां की कोख से निकले लोग देश और विदेश में अपने नाम का डंका बजा रहे हैं। कभी उग्रवाद के नाम पर तो कभी अपराध के नाम पर यह जिला चर्चा में रहा है। पलामू निवासी और मास्टर मांइड हरि तिवारी सुजीत और अमन दोनों के लिए काम करता रहा है। फिलहाल कुख्यात सुजीत सिन्हा खुंटी तो अमन साव चाईबासा जेल में कैद हैं, वहीं शूटर हरि तिवारी हजारीबाग जेल में बंद है। बताया जाता है पुलिस को जांच में कई ऐसे तथ्य मिले हैं जिसकी बिना पर उक्त दोनों अपराधी गिरोहों के एक होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि हाल के दिनों में पलामू में एनएच 98 के निर्माण के काम कर रहे शिवाल्या कंस्ट्राक्शन कम्पनी के साईट पर अपराधियों ने गोली चलाई थी। इसमें एक लेबर ठेकेदार के पैर में गोली लगी थी। इस घटना की तफसीस कर रही पुलिस के हत्थे रांची का एक अपराधी जीशान शेख ऊर्फ रिक्की खान चढ़ा था.। इसने पुलिस के सामने उक्त गैंगस्टरों के कई राज उगले है। इसके मोबाइल से भी पुलिस को कई जानकारी मिली है। पुलिस को जांच में यह भी पता चला है कि शिवाल्या के साईट पर गोलीबारी में हरि तिवारी कि भूमिका रही है। पलामू का कुख्यात शूटर हरि तिवारी पहले सुजीत सिन्हा के लिए काम करता था, बाद में अमन साव के लिए काम करने लगा। शिवाल्या के साईट पर रंगदारी के लिए सुजीत सिन्हा गिरोह ने हमला किया था। पलामू के एसपी चंदन सिन्हा ने भी गिरफ्तार रिक्की खान के कन्फेसन और अन्य पुलिस जांच के आधार पर अमन साव और सुजीत सिन्हा गिरोह के एक होने की आशंका की खबरों से इनकार नहीं किया है। बता दें कि कुख्यात सुजीत सिन्हा और शूटर हरि तिवारी दोनों मेदिनीनगर के रेड़मा, बारालोटा के मूल निवासी हैं। पुलिस के अनुसार सुजीत सिन्हा के खिलाफ पलामू में 32 एवं हरि तिवारी के खिलाफ 20से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं अमन साव के खिलाफ राज्य के अलग अलग इलाके में 90से अधिक मामले दर्ज होने कि बात कही जा रही है। ऐसे में समझा जा सकता है कि इस नेटवर्क की कमान पलामू है। वैसे इस धरती पर कभी स्व.विनोद सिंह,भरदुल उपाध्याय की अपराध की दुनिया में तूती बोलती थी। समयाअंतराल के बाद चेहरे बदलते रहे हैं,लेकिन अपराध की दुनिया में यहां का नाम राज्य और देश में उजागर होता रहा है। हरि तिवारी के नाम को उसी कड़ी में देखा जा सकता है। बहरहाल अपराधी कोई भी हो,उसका सफाया जरूरी है। ऐसे लोग समाज और देश के दुश्मन होते हैं। पुलिस प्रशासन को पलामू के दुर्दांत अपराधियों पर सख्ती से पेश आकर कई राजों को उगलवाना चाहिए। निश्चित तौर पर कई जानकारियां सामने आयेगीं।

**पलामू जहां अपराध के लिए कुख्यात है,वहीं यहां के अन्नमय कोष की धरती काफी उर्वरा है। यहां की कोख से निकले लोग देश और विदेश में अपने नाम का डंका बजा रहे हैं।**

# चातुर्मास : व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण की अवधि





रमेश शर्मा

***भारतीय*** वाड्मय में चातुर्मास का विशेष महत्व है। यह अवधि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से आरंभ होकर कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की एकादशी तक पूरे चार माह रहती है। मान्यता है कि इस अवधि में भगवान नारायण पाताल लोक में विश्राम करते हैं इसलिये कोई शुभ काम नहीं होते। लेकिन आश्चर्यजनक पक्ष यह है कि यदि चातुर्मास में देव शयन होता है और कोई पवित्र कार्य नहीं हो सकते तब सनातन परंपरा के सभी बड़े और महत्व पूर्ण त्योहार जैसे गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, नागपंचमी, ऋषि पंचमी, गणेशोत्सव, जन्माष्टमी, संतान सप्तमी, करवा चौथ, हरियाली अमावस, पितृपक्ष, नवरात्र, दशहरा, दीवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज आदि सभी बड़े त्योहार इसी चार माह की अवधि में ही आते हैं। बड़े त्योहारों में केवल होली है जो इस चतुर्मास की अवधि से बाहर है। यदि कोई शुभ कार्य नहीं हो सकते तो बड़े-बड़े त्योहारों की शृंखला का प्रावधान इसी अवधि में क्यों किया गया है ? इस प्रश्न का उत्तर हमें इन आयोजनों के विश्लेषण में मिल जाता है। चातुर्मासमें जो त्योहार होते हैं, और जिन आयोजन को या कार्यो को निषेध बताया गया है, इन दोनों का विश्लेषण करें तो हम पायेंगे कि वर्जित किये गये सभी आयोजन भले दिखने में सामूहिक लगते हों, उनका आयोजन समूह में होता हो पर वे सभी व्यक्तिगत उत्सव हैं, व्यक्तिगत प्रभाव की स्थापना या प्रदर्शन के आयोजन हैं। इन आयोजनों में समाज या राष्ट्र हित निहित नहीं है। व्यक्ति का हित या व्यक्तित्व के प्रभाव का प्रदर्शन एक बात है और व्यक्ति या व्यक्तित्व का निर्माण बिल्कुल दूसरी बात है। जैसे विवाह, नामकरण, यज्ञोपवीत, नये घर का निर्माण आदि कार्यों में व्यक्ति या परिवार का हित तो होता है संतोष मिलता है, सुख भी मिलता है, व्यक्ति या परिवार का आंतरिक उत्थान नहीं होता। जबकि दूसरी ओर त्योहारों के रूप में जिन आयोजनों का प्रावधान किया गया है वे सब किसी निजीत्व के प्रदर्शन या प्रसन्नता के लिये नहीं अपितु व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण और समृद्धिकरण के निमित्त हैं। उनका उद्देश्य व्यक्ति को तन से, मन से, बुद्धि से और विवेक बल से समृद्ध बनाना है, परिवार को सशक्त बनाना है, समाज को संगठित और उन्नत बनाना है और संपूर्ण राष्ट्र एकता के सूत्र में आबद्ध करना है। त्योहारों के माध्यम से चातुर्मासकी इस अवधि में व्यष्टि से समष्टि तक के एकाकार होने की यात्रा होती है। भारतीय वाड्मय में कोई उत्सव, कोई त्योहार अथवा कोई परंपरा यूं ही नहीं होती। उसके पीछे गहरा अनुसंधान होता है, व्यक्ति, समाज प्रकृति और सृष्टि का अध्ययन होता है। और निष्कर्ष से समाज को एकाकार किया जाता है। चातुर्मासके इन प्रावधानों में मानों शरीर विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, मनोविज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान ही नहीं अंतरिक्ष विज्ञान के निष्कर्ष को भी समाहित किया गया है। जो बात आधुनिक विज्ञान ने आज कही है उसके निष्कर्ष का क्रियान्वयन भारतीय परंपराओं के प्रचलन अनादि काल से हो रहा है। आधुनिक विज्ञान ने उन्नीसवी और बीसवीं शताब्दी जाना कि मनुष्य सहित चींटी से लेकर हाथी तक संसार के सभी प्राणी एक-दूसरे के पूरक हैं। और सृष्टि की नियामक शक्ति प्रकृति है । प्रकृति से समन्वय और संतुलन बनाकर ही धरती पर जीवन समृद्ध और दीर्घ जीवी होगा। यदि प्रकृति का क्षय होगा तो किसी का जीवन नहीं बचेगा। यह बात भारतीय ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले खोज ली थी और इसकी सावधानियां ही इस चातुर्मासके आयोजन में है। इसे अनदेखा करके दुनिया ने विकास के नाम विनाश का मार्ग पकड़ लिया है। विज्ञान का दंभ भरने वाली दुनिया के सामने अब सत्य सामने आया है तो अब मार्ग बदलने की छटपटाहट है। लेकिन भारत ने यह सावधानी और प्रकृति से समन्वय के साथ जीवन के संचालन का प्रावधान सैकड़ों हजारों साल से कर रखा है। चातुर्मासमें होने वाली उत्सव परंपरा में वे सभी सावधानियां हैं जिनमें व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र अपना विकास तो करे पर प्रकृति का संरक्षण भी साथ साथ चले। हम जानते हैं कि प्राणी को भोजन, पानी श्वांस और आरोग्य सब प्रकृति से मिलता है। प्रकृति में जितने पदार्थ जिस अनुपात में हैं वे सब उसी अनुपात में मनुष्य देह के भीतर हैं। और यह सभी पदार्थ पांच तत्वों से बने हैं। ये तत्व धरती, आकाश अग्नि जल और पवन हैं। यदि प्रकृति में इनके अनुपात में परिवर्तन होगा तो इसका प्रभाव प्राणी देह पर भी पड़ता है। इन चार महीने में इन पांच तत्व के अनुपात में परिवर्तन आता है। यदि सावधानी से इस परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को सक्षम न किया तो यह अवधि मनुष्य को रोग ग्रस्त बना देगी। चातुर्मासमें भारतीय उत्सवों में न केवल इस अवधि के परिवर्तनों के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाना है अपितु इतना समृद्ध बनाना है कि फिर वर्ष भर तक कोई परिवर्तन व्यथित न कर सकेगा। इन चार माहों की त्योहार परंपरा का नियमन करने पर मनुष्य में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सक्षमता तो आती ही है इसके अतिरिक्त उसका दृष्टिकोण सकारात्मक और सद्भाव से भरा होगा। चातुर्मासकी अवधि में उत्सव परंपरा को समझने के लिये तीन विषयों पर ध्यान देना होगा। एक मनुष्य की संरचना का रहस्य, दूसरा प्राणियों एवं वनस्पति का जीवन में उपयोगिता और तीसरा पुराणों में वर्णित कथाओं का संदेश। यदि कथाओं के रहस्य को समझेंगे तो पायेंगे कि उनमें प्रथम दोनों बिंदुओं के निष्कर्ष का समाधान है। इसके लिये हम मनुष्य को समझें। मनुष्य का व्यक्तित्व दो प्रकार का होता है। एक जो दिखाई देता है और दूसरा जो दिखाई नहीं देता। जैसे चेहरा हाथ पैर त्वचा, मांस, हड्डियां, हृदय, लीवर किडनी आदि सब देख सकते हैं पर मन, भाव विचार वृत्ति, विवेक, ज्ञान, मेधा, प्राण शक्ति आदि दिखाई नहीं देते। जैसे शरीर के रोग होते हैं वेसे ही मन, प्राण चित्त वृत्ति भाव आदि भी रोग ग्रस्त होते हैं।

**त्योहारों के माध्यम से चतुर्मास की इस अवधि में व्यष्टि से समष्टि तक के एकाकार होने की यात्रा होती है। भारतीय वाड्मय में कोई उत्सव, कोई त्योहार अथवा कोई परंपरा यूं ही नहीं होती।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

***लीलावती*** शारीरिक तथा मानसिक पीड़ाओं से युक्त, भूख और प्यास से दुखी हो अन्न की चिन्ता से दर-दर भटकने लगी। कलावती कन्या भी भोजन के लिए इधर-उधर प्रतिदिन घूमने लगी। एक दिन भूख से पीड़ित कलावती एक ब्राह्मण के घर गयी। वहां जाकर उसने श्रीसत्यनारायण के व्रत-पूजन को देखा। वहां बैठकर उसने कथा सुनी और वरदान मांगा। उसके बाद प्रसाद ग्रहण करके वह कुछ रात होने पर घर गयी। माता ने कलावती कन्या से प्रेमपूर्वक पूछा - पुत्री ! रात में तू कहां रुक गयी थी? तुम्हारे मन में क्या है? कलावती कन्या ने तुरन्त माता से कहा - मां! मैंने एक ब्राह्मण के घर में मनोरथ प्रदान करने वाला व्रत देखा है। कन्या की उस बात को सुनकर वह वणिक की भार्या व्रत करने को उद्यत हुई और प्रसन्न मन से उस साध्वी ने बन्धु-बान्धवों के साथ भगवान् श्रीसत्यनारायण का व्रत किया तथा इस प्रकार प्रार्थना की - 'भगवन! आप हमारे पति एवं जामाता के अपराध को क्षमा करें। वे दोनों अपने घर शीघ्र आ जायं।' इस व्रत से भगवान सत्यनारायण पुनः संतुष्ट हो गये तथा उन्होंने नृपश्रेष्ठ चन्द्रकेतु को स्वप्न दिखाया और स्वप्न में कहा - 'नृपश्रेष्ठ! प्रातः काल दोनों वणिकों को छोड़ दो और वह सारा धन भी दे दो, जो तुमने उनसे इस समय ले लिया है, अन्यथा राज्य, धन एवं पुत्रसहित तुम्हारा सर्वनाश कर दूंगा।' राजा से स्वप्न में ऐसा कहकर भगवान सत्यनारायण अन्तर्धान हो गये। इसके बाद प्रातः काल राजा ने अपने सभासदों के साथ सभा में बैठकर अपना स्वप्न लोगों को बताया और कहा - 'दोनों बंदी वणिकपुत्रों को शीघ्र ही मुक्त कर दो।' राजा की ऐसी बात सुनकर वे राजपुरुष दोनों महाजनों को बन्धनमुक्त करके राजा के सामने लाकर विनयपूर्वक बोले - महाराज!

*(क्रमशः)*

# युवा सपनों की उड़ान 'ग्राम ज्ञानालय'

***कल्पनाएं*** जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। पूर्वांचल के भदोही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ग्रामीण विकास की सोच जमीन पर उतरती दिखती है। भदोही कालीन का हब है। यहां कालीन तैयार होते हैं। देश के नये संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गई हैं। पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं। लेकिन पूर्वांचल की 70 फीसदी आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां पलायन अधिक है। आर्थिक विपन्नता की वजह से युवाओं के प्रतियोगी स्पर्धा के सपने अधूरे रह जाते हैं। लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए भदोही जनपद से शुरू हुई एक नवाचार की पहल उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बनती दिखती है। भदोही के युवा जिला कलेक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर-ए-कालीन भी कहा जाता है। दुनिया भर से यहां कालीन निर्यात होता है। हालांकि शैक्षिक विकास को लेकर यहां बहुत कुछ नहीं हुआ है। लेकिन गांवों में नवाचार के तहत 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की गई है। इस तरह ग्रामीण अंचलों में स्थापित किये जा रहे ग्राम ज्ञानालय में युवाओं के लिए अकादमिक स्तर की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। भदोही जनपद में तकरीबन 150 गांवों में इसकी शुरूआत हो चुकी है। शुरू में ही जॉब की तैयारी करने और पढ़ने वाले करीबन 4000 युवा और छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। इसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह 'ग्राम ज्ञानालय' युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़-चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से 'ग्राम ज्ञानालय' के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस अनूठी पहल से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश और देश में उपलब्ध कराई जानी चाहिए। युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है। गांव के पंचायत प्रतिनिधि इसमें खासी भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में युवाओं में शिक्षा को लेकर अच्छी खासी ललक है। लेकिन अधिकांश परिवारों की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। वैसे भी उत्तर प्रदेश सरकार दलित और पिछड़े छात्रों को लखनऊ में इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराती है, लेकिन वहां सभी नहीं पहुंच पाते हैं।

**भदोही के युवा जिला कलेक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर-ए-कालीन भी कहा जाता है।**

**धर्म-संस्कृति**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से

**ज्ञान धन से उत्तम है क्योंकि धन की तुमको रक्षा करनी पड़ती है और... ज्ञान तुम्हारी रक्षा करता है....**

# एससीओ में भारत की सशक्त व सार्थक भूमिका



ललित गर्ग

***शंघाई*** सहयोग संगठन-एससीओ के सदस्य देश चाहे तो इस दुनिया का कायाकल्प कर सकते हैं। अहिंसक विश्व रचना, आतंकमुक्त संसार, आर्थिक उन्नति, आपसी व्यापार एवं समतामूलक दुनिया के सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक संकल्प को आकार दिया जा सकता है, लेकिन चीन एवं पाकिस्तान दो देशों के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। पाकिस्तान पडौसी देश में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहा है तो चीन अपनी विस्तारवादी गतिविधियों, आर्थिक महत्वाकांक्षाओं, एक दूसरे देशों की सीमाओं के प्रति असम्मान लगातार कर रहा हैं। शायद इसी का असर है कि एससीओ की मंगलवार को हुई शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की उपस्थिति में कड़े एवं साहसिक शब्दों में कहा, 'आतंकवाद किसी रूप में हो, उसकी एससीओ मंच से एक स्वर में निंदा होनी चाहिए। इसमें दोहरे मापदंड का कोई स्थान नहीं है।' दुनिया में आतंकवाद, विस्तारवाद, अतिवाद और अलगाववाद की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। इन चुनौतियों का समाधान पाकर ही दुनिया में शांति, अमन-चैन, संतुलित विकास एवं समता की स्थापना संभव है। इसके लिये एससीओ एक सक्षम मंच है, इसके सदस्य देशों में दुनिया की लगभग 40 प्रतिशत आबादी रहती है और दुनिया के कुल व्यापार का करीब 24 प्रतिशत इन्हीं देशों के बीच होता है। अगर संगठन के सदस्य देश आपस में सहयोग करें और संकल्पबद्ध हो तो यह समूह बहुत बड़ी आर्थिक ताकत बन सकता है। समस्या यह है कि चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों को छोड़ने को तैयार नहीं जबकि पाकिस्तान आतंकवाद की खेती करना बंद करने को तैयार नहीं। पाकिस्तान और चीन दोनों ही भारत को एक के बाद एक जख्म देने की कोशिशें करते रहते हैं। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध चीन की ऐसी ही कोशिश है। भारत, रूस और चीन परस्पर सहयोग का त्रिकोण बन जाय तो कोई ताकत इस त्रिकोण के सामने नहीं टिकेगी। जब तक पाकिस्तान और चीन अपनी नीतियां नहीं छोड़ते तब तक एससीओ अपने वास्तविक उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकेगा। चीन एवं पाकिस्तान जैसे देशों ने एससीओ जैसे सार्थक मंच पर भी शतरंज की बिसात बिछा रखी है, यूं तो पूरा विश्व शतरंज बना हुआ है और सब अपने-अपने मोहरे और अपनी-अपनी चालें चल रहे हैं। विश्व की शतरंज में घोड़ा सीधा और हाथी टेढ़ा चलता है। हम मोहरों को दोष नहीं दें। मोहरे चलते नहीं चलाये जाते हैं। कुछ आतंकवादी एवं विस्तारवादी शक्तियां शांति एवं सहयोग के नाम से अपनी चालें चलती हैं। जो अपने घोड़े, ऊंट और हाथी बचाने के लिए प्यादे को आगे कर मर जाने देते हैं। लेकिन इन यूरेशियाई देशों में तीसरी महाशक्ति भारत है, जो उनकी कुचालों को सफल नहीं होने दे रहा है। एससीओ की ओर से जारी संयुक्त बयान में चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बीआरआइ के उल्लेख से भारत ने जिस तरह दूरी बनाई, उस पर आश्चर्य नहीं, बल्कि वह उसकी दूरगामी एवं समझपूर्ण सोच को दर्शाता है। चीन ने इस परियोजना में अरबों डॉलर लगाये हैं। वह दुनिया में नंबर वन बनने के लिए कमजोर देशों को ऋण मुहैया कराने में जुटा है। आज श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार सहित कई अफ्रीकी देश इस कथित सस्ते ऋण के चक्कर में कंगाली के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। भारत इस परियोजना का प्रारंभ से ही विरोध करता आ रहा है।

**पाकिस्तान और चीन दोनों ही भारत को एक के बाद एक जख्म देने की कोशिशें करते रहते हैं। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध चीन की ऐसी ही कोशिश है।**

**देश दुनिया**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नव विवाहिताओं के लिए किसी तपस्या से कम नहीं है इस वर्ष 44 दिन की मधुश्रावणी

रिमझिम फुहारों के साथ सावन का महीना आते ही हर किसी का मन-मयूर झूम उठता है। लेकिन मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम को अपना पाहुन (दामाद) बनाने वाले मिथिलांचल की गलियां कुछ अधिक ही झूमती है और झूमने का कारण भी कोई एक नहीं, कई हैं। पग-पग मांछ (मछली) और मखान के लिए देश-दुनिया में चर्चित मिथिलांचल अपने कण-कण में लोक कला, लोक संस्कृति, लोक पर्व और लोक उत्सव को समेटे हुए हैं, इन्हीं में से एक है मधुश्रावणी। अनेक सांस्कृतिक विशिष्टताओं को अपने आंचल में संजोए मिथिलांचल का घर, आंगन, बाग, बगीचा और मंदिर परिसर मधुश्रावणी के कारण पायल की झंकार तथा मैथिली गीतों से मनमोहक हो उठती है। सावन प्रवेश करने के साथ ही मिथिला के घर-घर में भोले शंकर की पूजा शुरू हो जाती है। पांचवें दिन मौना पंचमी के साथ नव विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार 14 दिवसीय मधुश्रावणी शुरू हो जाता है। लेकिन इस वर्ष सावन में मलमास रहने के कारण यह लोक त्योहार 44 दिनों तक चलेगा। सात जुलाई से मधुश्रावणी का पर्व शुरू हो रहा है, जिसका समापन 19 अगस्त को होगा। मधुश्रावणी को लेकर हर





नव विवाहित महिलाओं के मायके में जोरदार तैयारी की गई है।

नागपंचमी के दिन से शुरू सुहाग की अमरता के प्रार्थना का विशिष्ट पर्व मधुश्रावणी को लेकर सोलहों श्रृंगार से सजी नवविवाहिता जब सखियों के साथ सज-धज कर फूल लोढ़ने के लिए निकलती हैं तो वातावरण मैथिली गीतों से मनमोहक हो जाता है। उनका रूप, श्रृंगार, गीत और सहेलियों में प्रेम देखते ही लगता है कि शायद इंद्रलोक यहीं पर है। मधुश्रावणी पूजन नव विवाहिताओं के लिए किसी तपस्या से कम नहीं है। इस पर्व का समापन अंतिम पूजा के दिन टेमी दागने के साथ होगा।

इसमें प्रत्येक दिन बासी फूल और पत्ता से भगवान भोले शंकर, माता पार्वती के अलावे मैना-विषहरी, नाग-नागिन, गौड़ी की विशेष पूजा होती है। इसके लिए तरह-तरह के पत्ते भी तोड़े जाते हैं, शुक्रवार से शुरू होने वाले पूजा को लेकर नाग-नागिन और उनके पांच बच्चे मिट्टी से बनाए गए हैं। यह पर्व एक तरह से नव दंपतियों का मधुमास है। प्रथा है कि इन दिनों नव विवाहिता ससुराल के दिए कपड़े-गहने ही पहनती है, भोजन भी वहीं से भेजे अन्न का करती है। नव विवाहिता विवाह के पहले साल मायके में ही रहती है।

इसलिए पूजा शुरू होने के एक दिन पूर्व नव विवाहिता के ससुराल से सारी सामग्री भेज दी जाती है। पहले और अंतिम दिन की पूजा विस्तार से होती है, जमीन पर सुंदर तरीके से अल्पना बना कर ढ़ेर सारे फूल-पत्तों से पूजा की जाती है। पूजा के बाद शंकर-पार्वती के चरित्र के माध्यम से पति-पत्नी के बीच होने वाली नोक-झोंक, रूठना-मनाना, प्यार-मनुहार जैसे कई चरित्रों के जन्म, अभिशाप और अंत इत्यादि की कथा सुनाई जाती है।

जिससे कि नव दंपती इन परिस्थितियों में धैर्य रखकर सुखमय जीवन बिताएं, क्योंकि यह सब दांपत्य जीवन के स्वाभाविक लक्षण हैं। पूजा के अंत में नव विवाहिता सभी सुहागिन को अपने हाथों से खीर का प्रसाद एवं पिसी हुई मेंहदी बांटती हैं। यह क्रम लगातार चलते रहता है, फिर अंतिम दिन बृहद पूजा होती है। जिसमें पूजा के दौरान लड़की को सहनशील बनाने की कामना के साथ दोनों पैर एवं घुटनों को दीए की टेमी (दीप की जलती बत्ती) से दागा जाता है।

सबसे खास बात है कि मिथिला में यह एकलौता पूजन है, जिसमें पुरुष का कोई काम नहीं है। ना पूजा में ना विसर्जन में, सभी काम महिलाएं ही करती है। इस दौरान सुबह से रात तक मैथिली देवी गीत, शंकर-पार्वती के गीत, कोहबर के गीत, विवाह के गीत, राम विवाह गीत एवं अन्य पारंपरिक गीत से महिलाएं वातावरण को ओत-प्रोत करते रहती हैं। नवविवाहिता सहित घर एवं पड़ोस की अन्य महिलाएं भी श्रद्धाभाव के साथ सुनती है। समाज हित, लोक उत्सव एवं कला के संवर्धन को लेकर सजग कौशल किशोर क्रांति कहते हैं कि मिथिलांचल में सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतीक रूप में मनाए जाने वाला लोकपर्व मधुश्रावणी आज भी जीवंत है। इसमें नव विवाहिता अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूजा करती हैं। इसमें मिथिला के प्रसिद्ध लोकगीत समाहित होते हैं। मिट्टी और हरियाली से जुड़े इस पूजा के हर कदम के पीछे पति की लंबी आयु की कामना होती है। मधुश्रावणी कथा और गीत से प्रसन्न होकर माता पार्वती उनके सुहाग की रक्षा करती हैं।

## एक अध्यापक ऐसा भी...



बहुत पुरानी बात है। एक पाठशाला थी। उसमें बहुत सारे बच्चे पढ़ते थे। अध्यापकों की संख्या बच्चों के हिसाब से संतोषजनक थी। उस पाठशाला का प्रधानाध्यापक बड़ा अनुशासन प्रिय था। वह अनुशासन के नाम पर हर दिन कुछ न कुछ नया करता था। उसका अंतिम उद्देश्य बच्चों का भला करना था। इसलिए आए दिन अध्यापकों के लिए नए-नए फरमान जारी करता था। अध्यापक उसके फरमानों से परेशान हो चले थे। उन्हें लगता था कि कुर्सी पर बैठकर कोई भी अनुशासन की पिपुड़ी बजा सकता है। कक्षा में आकर पढ़ाए तब बात बने।

एक अध्यापक विज्ञान पढ़ाते थे। वे दसवीं कक्षा के सिवाय किसी दूसरी कक्षा पर ध्यान नहीं देते थे। वे दसवीं कक्षा भी इच्छापूर्वक नहीं लेते थे, बल्कि बोर्ड की परीक्षा के दबाव के चलते पढ़ाते थे। उनका बस चले तो किसी कक्षा को न पढ़ाए। वे हमेशा किस तरह पढ़ाने के काम से बचे इसी का रास्ता खोजते। कभी किसी का फार्म भरने बैठ गए तो कभी कंप्यूटर वाले कमरे में जाकर लंबी तानकर सो गए। कभी बच्चों के लिए पुस्तक देने बैठ गए तो कभी कमरा साफ करवाने चले गए। छोटी कक्षाओं को जाना तो अपने डि.एन.ए. खिलाफ मानते थे।

कमाल की बात यह है कि ऐसे अध्यापक को सरकार ने उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया। पाठशाला के सभी अध्यापक इस बात को लेकर दुविधा में थे कि यह सम्मान इन्हें किस लिए दिया गया। अब वे यही सोचते सोचते सिर खुजलाने लगे। अब वे इस संशय में है कि वे पढ़ाएं या फिर गैर-पाठशाला कार्यों में लगे रहें।

❖ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

# जन्म से एक साल तक के बच्चे को ऐसे करवानी चाहिए फीडिंग

हर महिला के जीवन का सबसे खूबसूरत पल वह होता है, जब वह एक नन्ही सी जान को इस दुनिया में लाती है। बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फीडिंग बहुत जरूरी है। इसलिए आप जन्म से लेकर 12 माह तक ऐसे बच्चे को फीडिंग करवा सकती हैं। हर महिला के जीवन का सबसे खूबसूरत पल वह होता है, जब वह एक नन्ही सी जान को इस दुनिया में लाती है। एक बच्चे के साथ ही उस महिला का भी मां के रूप में नया जन्म होता है। हर मां अपने बच्चे के लिए वह सब करना चाहती है। जिससे उनका बच्चा हेल्दी रहे। बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फीडिंग बहुत जरूरी है। ऐसे में मां को बच्चे की हर जरूरत का ध्यान रखना



पड़ता है। जैसे बच्चे के खाने का समय क्या है, वह कितना खा रहा है। क्योंकि जब बच्चा जन्म लेता है तो उसका पेट काफी छोटा होता है। ऐसे में उसका ज्यादा ख्याल रखना पड़ता है। नवजात शुरूआत में 1-2 चम्मच दूध पीता है, लेकिन जैसे-जैसे वह बड़ा होता है। उसकी खुराक भी बढ़ने लगती है। जन्म से लेकर 1 साल तक में बच्चे का ग्रोथ काफी तेजी से होता है। इसलिए हर नई मां को यह समझना बहुत जरूरी होता है कि बच्चे को कितना खाना जरूरी होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपकी इसी समस्या का समाधान लेकर आए हैं। नवजात को जन्म से लेकर 1 साल तक में कितने दूध की जरूरत पड़ती है।

**नवजात को कितने दूध की होती है जरूरत** : बता दें कि जन्म से लेकर 4 सप्ताह तक नवजात के सही विकास के लिए उसे दिन में कम से कम 10-12 बार फीड करवाना चाहिए। वहीं हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें तो जन्म से लेकर 2 सप्ताह तक के बच्चे को हर 2 घंटे बाद दूध पिलाना चाहिए। महिलाएं इसके लिए फीडिंग पैटर्न भी बना सकती हैं। हर एक से डेढ़ घंटे के बाद बच्चे को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में ब्रेस्ट फीडिंग जरूर करवानी चाहिए।

**किस उम्र में कितनी बार करायें फीडिंग**

1-3 माह से बच्चे को दिन में 7-8 बार फीडिंग करवानी चाहिए। अगर इस दौरान आपको लगता है कि बच्चा भूखा है तो आप इससे ज्यादा बार भी फीडिंग करवा सकते हैं।

3-5 माह के बच्चे को दिन में 6-7 बार फीडिंग करवानी चाहिए।

वहीं 6-8 माह के बच्चे को पूरे दिन में कम से कम 6 बार फीडिंग जरूर करवाएं।

8 माह के बच्चे को पूरा दिन में 4 बार दूध जरूर पिलाना चाहिए।

9-12 माह के बच्चे के फीडिंग की संख्या उसके विकास पर डिपेंड करती है।

# सावन में भगवान शिव को भूलकर भी नहीं अर्पित करनी चाहिए ये चीजें



आषाढ़ माह की समाप्ति के बाद भगवान शिव की प्रिय महीना सावन शुरू हो जाता है। सावन माह का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर होती हैं। भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए सबसे उपयुक्त महीना सावन होता है। यह भगवान शिव का सबसे प्रिय माह है। सावन के हर सोमवार को भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। विधि-विधान से महादेव की पूजा करने से जातक के सभी रोग, दोष और कष्ट दूर होते हैं। बता दें कि इस साल 4 जुलाई 2023 से सावन माह की शुरूआत हुई है। सावन महीने में कांवड़ यात्रा का भी आयोजन किया जाता है।

शास्त्रों में भगवान शिव की पूजा के कुछ विशेष नियमों के बारे में बताया गया है। हालांकि भगवान शिव अपने भक्तों से बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। इसी कारण से उन्हें भोलेनाथ भी कहा जाता है। लेकिन सावन में महादेव की उपासना के दौरान इन नियमों का पालन करने से व्यक्ति की लाभ प्राप्त होता है। साथ ही शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि महादेव की पूजा-अर्चना के दौरान उन्हें क्या अर्पित नहीं करना चाहिए। इन चीजों को अर्पित करने से भगवान भोलेनाथ आपसे प्रसन्न होने की जगह नाराज भी हो सकते हैं। शास्त्रों के अनुसार, भगवान शिव की पूजा के दौरान केतकी का फूल भूलकर भी नहीं चढ़ाना चाहिए। इसके अलावा कनेर और कमल का पुष्प भी नहीं अर्पित करना चाहिए। भोलेनाथ को श्वेत रंग अधिक प्रिय है। इसलिए उन्हें श्वेत रंग के पुष्प चढ़ाने चाहिए। भगवान भोलेनाथ को हल्दी भी नहीं अर्पित करना चाहिए। क्योंकि हल्दी को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। साथ ही हल्दी को सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में शिवलिंग पर स्त्री से संबंधित कोई भी वस्तु अर्पित नहीं करनी चाहिए।

शिवलिंग पर भूलकर भी सिंदूर, कुमकुम या रोली भी नहीं अर्पित करना चाहिए। क्योंकि यह सुहाग और सौंदर्य का प्रतीक होता है। शिवलिंग पर स्त्री तत्व नहीं अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से महादेव आपसे रुष्ट हो सकते हैं। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि श्रीहरि विष्णु की पूजा में तुलसी अनिवार्य होती हैं। क्योंकि भगवान विष्णु को तुलसी अतिप्रिय है। लेकिन महादेव की पूजा में तुलसी का इस्तेमाल वर्जित बताया गया है। इसलिए शिवलिंग पर तुलसी का पत्ता न अर्पित करें। महादेव पर कभी भी नारियल या नारियल का पानी नहीं चढ़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से भगवान शिव आपसे नाराज हो सकते हैं। क्योंकि नारियल को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है।

❖ अनन्या मिश्रा

## सूडोकु नवताल- 6753

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6752 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**07 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.07 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | सिंह | 08.23 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.35 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 12.46 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.00 ब.से |
| शुक्र | सिंह में | धनु | 17.16 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.22 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.08 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 22.41 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.11 बजे से |
| 10.30 से | | वृष | 01.52 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मिथुन | 03.50 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 188 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 22.16 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 20.30 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 13.42 बजे तदनन्तर तैतिल 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 38' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871667 **जूलियन दिन** 2460132.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7815



**बाएँ से दाएँ**

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन,संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय,फतह-2
10. आम जनता,लोग-2
11. लाभ,कुल योग-2
13. निर्माण,कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट,विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह,अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध,रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. भिड़ंत,मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी,गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी,आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण,स्त्रीय-3
12. वृतांत,घटना-3
16. हल,निष्कर्ष-4
17. राशन,भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट,अवरोध-3

**शब्द पहेली - 7814 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | | प | क | ना |
| रा | ल | | त | | ख | स | म | |
| ज | | का | न | न | | | जो | श |
| क | ह | र | | क | र | ता | र | |
| ता | | ग | | छे | | र | | फ |
| | ब | र | ग | द | | ता | मी | र |
| द | गा | | | न | ज | र | | मा |
| | ब | त | न | | ह | | पा | ई |
| फ | त | ह | | स | र | फ | रो | श |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष राशि** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन राशि** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क राशि** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह राशि** : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या राशि** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला राशि** : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु राशि** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि** : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ राशि** : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन राशि** : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।




आबकारी नीति मामला

## सिसोदिया ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का किया रुख

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी मामलों में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो आदेशों को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने इन मामलों में उनकी अलग-अलग जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास आबकारी विभाग भी था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए पहली बार 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था और तब से वह हिरासत में हैं। उन्होंने 28 फरवरी को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।


# मैं ही हूं राकांपा का अध्यक्ष : शरद पवार

### बैठक में किए गए आठ प्रस्ताव पारित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। यहां पार्टी की कार्यसमिति की बैठक के बाद शरद पवार ने कहा, राकांपा का अध्यक्ष मैं ही हूं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य को पार्टी से निष्कासित करने संबंधी फैसले को कार्यसमिति ने मंजूरी दी।

पार्टी नेता पी. सी. चाको ने यहां मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कि बैठक में आठ प्रस्ताव पारित किये गये। अजित पवार के बहुमत होने के दावे पर शरद पवार ने कहा, सच सामने आ जायेगा। चाको ने कहा कि संगठन शरद पवार के साथ है। उन्होंने कहा, राकांपा कार्यसमिति ने राजग से हाथ मिलाने वाले प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और नौ अन्य लोगों को निष्कासित करने संबंधी फैसले को मंजूरी दे दी है। शरद पवार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए थे।



हम किसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के दावे को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने कहा, हमारा संगठन अभी भी एकजुट है। चाको ने कहा कि राकांपा हर तीन साल पर चुनाव कराती है और लोग नियमित रूप से निर्वाचित होते हैं। कार्यसमिति द्वारा पारित प्रस्तावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक कार्यों के खिलाफ रुख अपनाना भी शामिल है।

इसने केंद्र सरकार की नीतियों की भी निंदा की और आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की दुर्दशा बढ़ रही है। अजित पवार और उनके आठ सहयोगी दो जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हुए थे। अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, वहीं अन्य को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी।

## भारत इस साल खोलेगा पहला आईआईटी कैंपस जांजीबार में



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईआईटी इस साल के अंत तक भारत के बाहर अपना पहला कैंपस तंजानिया के जांजीबार में खोलेगा। इसमें अक्टूबर 2023 में प्रोग्राम लॉन्च करने की योजना है। यह भारत के बाहर स्थापित होने वाला पहला आईआईटी परिसर होगा। तंजानिया के जांजीबार में आईआईटी मद्रास के परिसर की स्थापना के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, आईआईटी मद्रास और तंजानिया के शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय (एमओईवीटी) के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर जांजीबार के राष्ट्रपति हुसैन अली मविनी और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर मौजूद रहे। जयशंकर ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा कि यह ऐतिहासिक कदम ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उल्लेखनीय है कि जयशंकर तंजानिया की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि आईआईटी मद्रास- जांजीबार परिसर की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरूआत है।

# फर्जी चैट जीपीटी लगाने लगा चूना

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

चैट जीपीटी अब चूना भी लगाने लगा है। क्योंकि इसके भेष में हैकरों ने अपने ऐप तमाम बेव साइट बना डाल दिये हैं। जिसे डाउन लोड करने और उनको आपके द्वारा अपने मोबाइल , लैपटॉप आदि में इस फर्जी चैट जीपीटी ऐप को माइक्रोफोन, कैमरा, कॉन्टैक्ट व स्टोरेज का एक्सेस देते ही आपका बैंक बैलेंस खाली हो सकता है, आपका सभी महत्वपूर्ण डाटा हैक हो सकता है। । कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। चैटजीपीटी हर सवाल का जवाब देने के लिए जाना जाता है। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर लिस्ट कर दिया गया है। लेकिन जब से इसकी आधिकारिक ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर लिस्ट किया गया है तब से तमाम फर्जी जीपीटी ऐप्स की गूगल प्ले स्टोर पर भरमार हो चुकी है। जिसके कारण लोग इस ऐप को डाउनलोड करने के चक्कर में फर्जी जीपीटी ऐप को डाउन लोड कर ले रहे हैं। उनको अपने सिस्टम के सभी ऐप में एंट्री की परमिशन दे दे रहे हैं। बचने के लिए निम्न सावधानियां बरतनी होगी। आप फर्जी मोबाइल ऐप डाउनलोड करने से बचने का हर संभव प्रयास करें। क्योंकि फर्जी चैट जीपीटी आपकी डिवाइस को पूरी तरह से खराब कर सकता है, आपका डाटा चुरा सकता है।

### ऐप को माइक्रोफोन, कैमरा, आदि का एक्सेस नहीं दें

**चैट** जीपीटी मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करने के लिए आपकी डिवाइस से यह ऐप माइक्रोफोन, कैमरा, कॉन्टैक्ट और स्टोरेज का एक्सेस मांगती है। लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि इस ऐप के लिए यह सभी अनुमतियां जरूरी नहीं हैं। इसलिए इसकी अनुमति नहीं दें।चैट जीपीटी ऐप को डाउनलोड करने से पहले आपको ऐप के सोर्स और विश्वसनीयता को अच्छी तरह से जांच लें। यदि आप किसी गैर आधिकारिक सोर्स से चैट जीपीटी डाउनलोड करते हैं ,तो आपको उसके अपडेट नहीं होंगे। जिसके कारण उस ऐप में बग फिक्स, सिक्योरिटी पैच या एआई मॉडल में सुधार नहीं मिलेगी। और आपके सिस्टम में वायरस आ सकता है।

# पीएम आज से चार राज्यों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री शुक्रवार से छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान के दो दिसवीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 50,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर इस दौरे से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान में कार्यक्रमों में शामिल होऊंगा। 50,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया जाएगा। ये परियोजनाएं कई जिंदगियों को बदल देंगी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए कार्य करने को हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में रायपुर में कल 6400 करोड़ रुपये से अधिक के हाई-वे प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन और शिलान्यास का सौभाग्य प्राप्त होगा। इससे कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलने के साथ ही राज्य के आर्थिक विकास और टूरिज्म सेक्टर को भी नई तेजी मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्रीनफील्ड रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर के छत्तीसगढ़ सेक्शन के जिन 3 नेशनल हाई-वे प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें से एक उदंती वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाला है। यहां वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन को पूरी तरह से ध्यान में रखा गया है।

खालिस्तान के मुद्दे पर भारत ने कहा

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर हिंसा को जायज ठहराना गलत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा कनाडा, अमेरिका व अन्य देशों में हिंसा और अलगाववाद को जायज ठहराने की कड़े शब्दों में निंदा की है। भारत ने कहा है कि भारतीय राजनयिकों और परिसरों की सुरक्षा स्थानीय सरकार की जिम्मेदारी है और इसके लिए हम हमेशा दबाव बनाते रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कनाडा में भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा का समर्थन करने वाले पोस्टर से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उक्त बातें कहीं। साथ ही उनसे कनाडा के प्रधानमंत्री के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वाले बयान पर भी सवाल पूछा गया था। प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय राजनयिकों और राजनीतिक परिसरों के खिलाफ लगे पोस्टर पूरी तरह से अस्वीकार है और हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हमने इस संबंध में कनाडा सरकार से मजबूती के साथ यह विषय उठाया है। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसकी आड़ में हिंसा अलगाववाद और आतंकवाद को बैठाने की कोशिश की जा रही है। हम इस संबंध में संबंधित सरकारों पर दबाव बनाते रहेंगे कि वह ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करें और भारतीय राजनयिकों और परिसरों को सुरक्षा प्रदान करें।



## कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को बनाया एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष

### नाम चल रहा था दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष बनाने का

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को अपनी छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया। अब उन पर देश भर के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में कांग्रेस के छात्र विंग को खड़ा करने की ज़िम्मेदारी है। ठीक भी है। क्योंकि वह दिल्ली के प्रख्यात जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान 2015 में छात्रसंघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह जेएनयू में एआईएसएफ से छात्र संघ अध्यक्ष बनने वाले पहले छात्र थे। अपने कार्यकाल में वह मीडिया में लगातार सुर्खियों में रहे। बिहारी टोन में अपने तीखे व सटीक भाव व्यक्त करने वाले वाक्य विन्यास तथा शैली के कारण युवाओं में बहुत प्रसिद्ध हैं। वह 17वीं लोकसभा के लिए 2019 में हुए चुनाव में वह बेगूसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं।



# जिंदा है आतंकी पन्नून, भारतीय राजनयिकों को दी धमकी!

**एजेंसी। चंडीगढ़**

आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून जिंदा है और वह फिलहाल न्यूयॉर्क में है। उसने गुरुवार को कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूके में भारतीय राजनयिकों को फिर से धमकी दी है। सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) की स्थापना करने वाले पन्नून ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से एक वीडियो संदेश जारी कर कहा, हां, हम संधू-वर्मा-डोराईस्वामी-मल्होत्रा-वोहरा, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, इटली और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय राजनयिकों को निज्जर की हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह के तीसरे चरण की घोषणा करते हुए पन्नून ने कहा कि टोरंटो में 16 जुलाई को मतदान होगा और 10 सितंबर को वैंकूवर में मतदान निज्जर को समर्पित होगा। कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर, जिसे भारत सरकार ने 'वांछित आतंकवादी' घोषित किया था, की दो अज्ञात बंदूकधारियों ने ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में गोली मार कर हत्या कर दी थी। निज्जर सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारा का प्रमुख था। इसके बाद पन्नू भूमिगत हो गया था। खालिस्तान कट्टरपंथियों ने 2 जुलाई को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आग लगा दी थी। अमेरिका ने इस हमले की निंदा की है।






## लंबे समय बाद फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर आएंगी सोनम कपूर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सोनम कपूर आहूजा जल्द ही अपनी आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म 'ब्लाइंड' में नजर आएंगी। इस फिल्म में सोनम एक दृष्टिहीन महिला की भूमिका निभाती दिखेंगी। अभिनेत्री ने फिल्म लेने के पीछे की वजह का खुलासा किया। ब्रेक के बाद सोनम स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं और इस रोमांचक थ्रिलर में वह एक क्रूर सीरियल किलर के खिलाफ लड़ती नजर आएंगी। शोम मखीजा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सोनम कुछ अलग करती दिखेंगी। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने इस थ्रिलर फिल्म को हां इसलिए कहा, क्योंकि इस फिल्म के प्रोड्यूसर सुजॉय घोष हैं, जिन्होंने 'कहानी' और 'बदला' जैसी फिल्में बनाई है। अभिनेत्री ने कहा, धारदार थ्रिलरों के साथ उनका ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे अपने निमार्ताओं और निर्देशकों पर पूरा भरोसा है।




## माधुरी दीक्षित को अपना रोल मॉडल मानती हैं हेली दारूवाला

**अभिनेत्री** डांसर हेली दारूवाला ने अपने सफर का श्रेय माधुरी दीक्षित नेने को दिया है और उन्होंने आगामी ट्रैक 'मेरे सनम के ख्वाब' में अपने शास्त्रीय नृत्य के बारे में बात की। अभिनेत्री हेली ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा है कि इस गाने के लिए विशेष रूप से उन्होंने प्रतिष्ठित अभिनेत्री माधुरी दीक्षित से प्रेरणा ली है। उन्होंने कहा, अभिनेता और नर्तक के रूप में मेरी यात्रा में माधुरी दीक्षित का जबरदस्त प्रभाव रहा है। अन्य सभी लड़कियों की तरह मैं भी उन्हें स्क्रीन पर देखकर बड़ी हुई हूं। अपने बचपन के दिनों में मैंने उन्हें अपनी प्रेरणा मानकर नृत्य और नाटक में अपनी यात्रा शुरू की थी।



## ऑडियो थ्रिलर वायरस-2062' में लौटे अली फजल व ऋचा चड्ढा

**स्टार** अली फजल और ऋचा चड्ढा ऑडियो साइंस-फिक्शन थ्रिलर सीरीज 'वायरस 2062' के सीजन 2 के लिए किरदारों को अपनी आवाज देने के लिए लौटे। यह सीरीज चिली की ऑडियो सीरीज 'कैसो 63' का हिंदी रूपांतरण है। ऑडियो सीरीज में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए अली फजल ने कहा, 'वायरस 2062' के सीजन 2 में मैं पीटर परेरा का किरदार कर रहा हूं। अभिनेता ने कहा, इस शो में असाधारण दुनिया को आवाज देकर अपनी रचनात्मकता का विस्तार करना रोमांचक है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को सुनने में उतना ही आनंद आएगा जितना हमने इसे बनाने में लिया था। सीरीज में डॉ. गायत्री राजपूत के रूप में वापसी करने वाली ऋचा चड्ढा ने कहा, सीजन एक की सफलता के बाद 'वायरस 2062' के दूसरे सीजन के लिए डॉ. गायत्री राजपूत के रूप में अपनी भूमिका को दोहराना एक रोमांचक चुनौती रही है। सीजन 2 में, हम उभरकर सामने आए हैं। साइंस-फिक्शन थ्रिलर ऑडियो श्रृंखला पीटर परेरा (अली फजल) के चरित्र पर केंद्रित है जो डॉ. गायत्री (ऋचा चड्ढा) को बताता है कि वह वर्ष 2062 में है, जो दुनिया को महामारी से बचाने के लिए अतीत में वापस आ गया है। एमएनएम टॉकीज द्वारा निर्मित 'वायरस 2062' के इस सीजन में 10 एपिसोड होंगे।




सवाल | सुप्रीम कोर्ट ने कहा यूजीसी निरोधात्मक कदमों के बारे में बताए

# शिक्षण संस्थानों में भेदभाव 'गंभीर मुद्दा'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव को 'अत्यंत गंभीर मुद्दा' करार देते हुए बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के छात्रों को गैर-भेदभावपूर्ण माहौल प्रदान करने के लिए उठाए गए तथा प्रस्तावित कदमों के बारे में बताने को कहा। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने शैक्षणिक संस्थानों में कथित जाति-आधारित भेदभाव के चलते कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले रोहित वेमुला और पायल तडवी की माताओं की याचिका पर यूजीसी से उठाए गए कदमों का विवरण मांगा। हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के दलित शोधार्थी वेमुला ने 17 जनवरी, 2016 को अपना जीवन समाप्त कर लिया था, जबकि टीएन टोपीवाला नेशनल मेडिकल कॉलेज, मुंबई की आदिवासी छात्रा तडवी ने संस्थान के तीन चिकित्सकों द्वारा कथित तौर पर जातिगत भेदभाव किये जाने के कारण 22 मई, 2019 को अपनी जान दे दी थी। पीठ ने यूजीसी की ओर से पेश हुए वकील से कहा, यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है। जो भी चिंताएं दर्ज कराई गई हैं... आपका उनसे निपटने का क्या प्रस्ताव है और आपने इन शिकायतों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं? यूजीसी को कुछ ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। यह छात्रों और उनके अभिभावकों के हित में है।

उठाए गए कदम यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों। वेमुला और तडवी की माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि उन्होंने क्रमशः अपने बेटे और बेटी को खो दिया है, तथा पिछले एक साल में नेशनल लॉ स्कूल, एक मेडिकल कॉलेज और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में पढ़ने वाले तीन और छात्र अपनी जान दे चुके हैं। यूजीसी के वकील ने कहा कि आयोग स्थिति से अवगत है और उसने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा कॉलेज प्राचार्यों को इस बारे में पत्र लिखे हैं।



◆विद्यालयों में नामांकन को लेकर डीसी ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक

# आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को दी जायेगी प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक की। बैठक में समिति की ओर से शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिये विचार-विमर्श किया गया। समिति की ओर से इस सत्र में नामांकन के लिए प्रस्तावित सूची का अवलोकन करने का निर्णय लिया गया, ताकि अनुपस्थित प्रतिनिधि भी सूची से अवगत हो सके। बैठक में उपस्थित सांसद और विधायक प्रतिनिधि को अपने स्तर के प्रतिनिधि के साथ विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक सुधार के साथ नये सिरे से अगली बैठक में सूची रखने का निर्णय लिया गया। समिति की ओर से संबंधित प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से दूर रहनेवाली बालिकाओं, जिनके माता-पिता में से एक की कोविड-19 से मृत्यु हुई हो। आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को नामांकन में प्राथमिकता देने की बात कही गयी।



## नेत्र-दंत चिकित्सा शिविर में 300 छात्र-छात्राओं की हुई जांच



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन ने गुरुवार को सिंह मोड़ स्थित राइज एकेडमी स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 300 छात्र-छात्राओं के नेत्रों और दांतों की जांच की गई। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश वाइस चेयरमैन इंदरजीत सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष सोनी, अश्वनी, शाहनवाज, डॉ सौरभ प्रियदर्शी तिवारी, डॉ लवली, डॉ मेधा, पम्मी सिन्हा और एकता सिंह सहित अन्य का योगदान रहा।

◆पर्यावरण को लेकर रांची के सेंट्रल एकेडमी में सेमिनार आयोजित

# विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
